दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



एआई-171 हादसे की दर्दनाक....



शिकागो की सड़कों पर सैर करती आईं नजर

वर्ष : 12 | अंक : 173 | लखनऊ, 17 जून, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### बचाए गए 21 चालक दल से मिले भारतीय राजदूत


दुबई। ओमान में भारत के राजदूत प्रशांत पिसे ने अमेरिकी हमले का शिकार हुए तेल टैंकर एमटी



सेतेबेलो से सुरक्षित बचाए गए चालक दल के 21 भारतीय सदस्यों की स्वदेश वापसी से पहले मंगलवार को उनसे मुलाकात की। अमेरिका ने 10 जून को पलाऊ के ध्वज वाले तेल टैंकर एमटी सेतेबेलो पर हमला किया था, जिसमें सवार 24 भारतीय नाविकों में से तीन की मौत हो गई थी। ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमले के समय एमटी सेतेबेलो ओमान के तट से लगभग 30 समुद्री मील की दूरी पर था।

### हेमकुंड साहिब से लौट रहे निहंगों ने किया हमला

देहरादून। उत्तराखंड के चमोली जिले के कर्णप्रयाग का एक हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया



है, जिसमें स्थानीय लोग और श्रद्धालुओं के बीच मारपीट हो रही है। इस हिंसक झड़प में तलवारबाजी भी हुई है। तलवारबाजी में चार स्थानीय लोग घायल हो गए। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने चौकी परिसर सहित बद्रीनाथ हाईवे जाम कर दिया। इसके अलावा कुछ लोगों ने पंचपुलिया भी जाम कर दी। गौचर में यात्रा को रोक दिया गया है। इलाके में तनाव का माहौल है।

### पीएम मोदी ने जी-7 सम्मेलन में वैश्विक विश्वास बहाली का आह्वान किया

# पीएम मोदी ने दिया संदेश, कहा- दुनिया साधनों की नहीं, भरोसे की कमी से जूझ रही

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पूरी दुनिया जब भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार विवाद और ऊर्जा संकट से जूझ रही है, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर नए सिरे से विश्वास बहाली का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि आज विश्व संसाधनों की कमी से नहीं, बल्कि विश्वास की कमी से जूझ रहा है। भविष्य की सारी साझेदारियां एवं नई व्यवस्थाएं आपसी विश्वास पर टिकी होनी चाहिए। उन्होंने सर्वजन हिताय एवं सर्वजन सुखाय के सिद्धांत का जिक्र करते हुए भरोसे पर आधारित अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और वैश्विक विकास का आह्वान किया।

जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान 'नई साझेदारियों का निर्माण और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को पुनर्स्थापित करना' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, आज का विश्व पहले से कहीं अधिक जुड़ा हुआ और एक-दूसरे पर निर्भर है। किसी भी देश की ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि अब सिर्फ उसकी अपनी सीमाओं के अंदर तय नहीं होती। लोगों की आवाजाही, डाटा, पूंजी और नई तकनीक ये सब हमें एक-दूसरे से जोड़ रहे हैं। ऐसे समय में साझेदारियों का महत्व बहुत बढ़ गया है। लेकिन साझेदारियां तभी सफल होती हैं, जब उनके बीच में विश्वास हो। भारत को जी-7 शिखर सम्मेलन में मेहमान देश के तौर पर आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार सातवीं बार इस शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। शिखर सम्मेलन की फैमिली फोटो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया के कई नेताओं के साथ बातचीत करते हुए भी देखा गया। इस बारे में उन्होंने एक्स पर लिखा, आज दोपहर एवियन में जी-7 शिखर सम्मेलन शुरू होने से पहले विचारों का आदान-प्रदान करना हमेशा जानकारीपूर्ण होता है।

- होर्मुज स्टेट में नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर
- कहा- भारतीयों की जान गई... नाविकों की सुरक्षा हमारा दायित्व



**आवाजाही, डाटा नई तकनीक ये सब हमको एक-दूसरे से जोड़ रहे हैं**

**ऐसे समय में साझेदारियों का वैश्विक महत्व बहुत बढ़ गया है**

### टकराव दुनिया के लिए खड़ा करता है संकट

कूटनीतिक जानकारों के मुताबिक, भारतीय प्रधानमंत्री की तरफ से हाल के दशकों में संभवतः पहली बार वैश्विक साझेदारी में भरोसे को इस कदर महत्व दिया गया है और इसके पीछे भारत के दीर्घकालिक कूटनीतिक हित भी हैं। चूंकि आज का विश्व पहले से कहीं अधिक जुड़ा हुआ और एक-दूसरे पर निर्भर है। पश्चिम एशिया विवाद उदाहरण है कि किस तरह दो-तीन देशों के आपसी संघर्ष की वजह से पूरी दुनिया में ऊर्जा व उर्वरक का संकट पैदा हो गया है। मोदी ने पिछले सदी में दो विश्व युद्धों का उदाहरण देकर बताया कि उसके बाद वैश्विक शांति के लिए जो व्यवस्था बनाई गई उसके पीछे का कारण भरोसा ही था, जो अब खत्म हो रहा है। मोदी ने कहा, कोविड महामारी ने विश्वास और एकजुटता के सारे दावों को खोखला साबित कर दिया। उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन का हवाला देते हुए कहा, 'विश्वास करो, लेकिन सत्यता भी जांच लो।

### सुनिश्चित करें कि नाविक बिना भय के कार्य कर सकें

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों का स्वागत किया, लेकिन होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री व्यापार बाधित होने और भारतीय नागरिकों की मौत पर दुख भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा, होर्मुज स्ट्रेट में समुद्रिक कारोबार में बाधा के कारण पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। भारत के कई नागरिकों को जान गंवानी पड़ी। सभी देशों को आपस में जोड़ने वाले नाविकों की सुरक्षा हमारा दायित्व है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि समुद्री मार्ग सुरक्षित रहें और नाविक बिना भय के अपना कार्य कर सकें। बता दें कि मोदी की यह टिप्पणी ओमान की खाड़ी में अमेरिकी सेना के हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के बाद आई है।

### आपसी विश्वास से बड़ा कोई खनिज नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बगल में बैठे मोदी ने कहा, आज सबसे कीमती संपत्ति न कोई खनिज है, न कोई नई तकनीक और न ही कोई बाजार, बल्कि सबसे महत्वपूर्ण है आपसी विश्वास। विश्वास यह कि तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला को हथियार बनाने के बजाय पूरी दुनिया के भले के लिए इस्तेमाल किया जाए। विश्वास यह कि विकास के अवसर कुछ-एक देशों तक ही सीमित न रहें। विश्वास यह कि वैश्विक संस्थान सभी देशों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम हों। मोदी ने कहा कि भारत का मानना है कि साझेदारी की असली परीक्षा यह नहीं है कि हम दूसरों के लिए क्या बनाते हैं, बल्कि यह है कि हम दूसरों को अपने लिए क्या बनाने में मदद करते हैं। हमारा अनुभव बताता है कि विकास तब सबसे असरदार होता है, जब वह लोगों की उम्मीदों से जुड़ा हो। अंतरराष्ट्रीय साझेदारी का भारत का विजन वसुधैव कुटुम्बकम की सोच पर आधारित है।

### हवा में डेटा रिले करेगा और खुफिया नजर रखेगा

# भारतीय वायु सेना खुद बनाएगी लंबी दूरी के घातक कामिकेज ड्रोन



**भारतीय कंपनियों से जुटाई जा रही अतिरिक्त जानकारी**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय वायु सेना ने लंबी दूरी के स्वदेशी कामिकेज ड्रोन बनाने की योजना शुरू की है। 16000 फीट की ऊंचाई और 30 किग्रा वॉरहेड क्षमता वाले इन ड्रोनों का डिजाइन और मालिकाना हक खुद वायु सेना के पास रहेगा। आधुनिक युद्ध के मैदान में ड्रोन तकनीक और लोइटरिंग म्यूनिशन की बढ़ती भूमिका को देखते हुए भारतीय वायु सेना ने रक्षा क्षेत्र में एक बेहद क्रांतिकारी और बड़ा कदम उठाया है। वायु सेना ने भारतीय उद्योग जगत के साझेदारों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से स्वदेशी लंबी दूरी के कामिकेज ड्रोन विकसित करने की एक मेगा परियोजना शुरू की है. इन ड्रोनों को वन-वे अटैक अनमैन्ड एरियल सिस्टम यानी एकतरफा हमला करने वाली मानव रहित प्रणाली भी कहा जाता है। इस परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारतीय वायु सेना इस बार केवल एक खरीदार के रूप में काम नहीं करेगी, बल्कि ड्रोन के पूरे डिजाइन और बौद्धिक संपदा अधिकारों पर अपना पूर्ण नियंत्रण बनाए रखेगी। वायु सेना ने इस हाई-टेक परियोजना के लिए चुनिंदा भारतीय कंपनियों को एक सीमित निविदा पूछताछ जारी कर दी है। इस पूरे प्रोजेक्ट के समन्वय और देखरेख की जिम्मेदारी तमिलनाडु के कोयम्बटूर में स्थित वायु सेना के 5 बेस रिपेयर डिपो सुलूर को सौंपी गई है, जो इस परियोजना के लिए मुख्य नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा। यह पहला मौका है जब वायु सेना खुद निर्माण प्रक्रिया के हर स्तर पर सीधे तौर पर शामिल हो रही है, जिससे भविष्य में किसी भी बाहरी वेंडर या विदेशी तकनीक पर भारत की निर्भरता पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

### 30 किलो का वारहेड लेकर 16 हजार फीट ऊपर उड़ेगा

यह ड्रोन समुद्र तल से 16,000 फीट तक की अत्यधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने में पूरी तरह सक्षम होगा, जिससे यह लद्दाख और तवांग जैसे ऊंचाई वाले पहाड़ी मोर्चों पर भी आसानी से काम कर सकेगा। यह अपने साथ कम से कम 30 किलोग्राम का मोड्युलर पेलोड ले जा सकेगा, जो दुश्मन के बख्तरबंद वाहनों, कमांड सेंटरों और बंकरों को पलक झपकते ही तबाह करने के लिए काफी है।

### प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी आवश्यकता के अनुरूप मिलेगा शैक्षणिक सहयोग

# लर्निंग गेप समाप्त करने अगस्त 2026 से जनवरी 2027 तक प्रतिदिन 20 से 30 मिनट का होगा विशेष कैच-अप शिक्षण

निपुण भारत मिशन के माध्यम से आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के बाद सरकार का फोकस अब उन विद्यार्थियों तक पहुंचने पर है, जो किसी कारणवश अपेक्षित अधिगम स्तर से पीछे रह गए हैं। इसी उद्देश्य से अगस्त 2026 से जनवरी 2027 तक विद्यालयों में प्रतिदिन 20 से 30 मिनट का विशेष कैच-अप शिक्षण सत्र आयोजित होगा।

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यूपी सरकार शिक्षा सुधार के अगले चरण में प्रवेश करते हुए अब बच्चों के सीखने के अंतराल को समाप्त करने के लिए प्रदेशव्यापी 'कैच-अप शिक्षण अभियान' शुरू करने जा रही है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के बाद सरकार का फोकस अब उन विद्यार्थियों तक पहुंचने पर है, जो किसी कारणवश अपेक्षित अधिगम स्तर से पीछे रह गए हैं। अगस्त 2026 से जनवरी 2027 तक विद्यालयों में प्रतिदिन 20 से 30 मिनट का विशेष कैच-अप शिक्षण



सत्र आयोजित होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और एनसीएफएसई-2023 की भावना के अनुरूप तैयार की गई इस कार्ययोजना का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी सीखने की आवश्यकता के अनुसार शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराना है।

### अधिगम परिणामों पर केंद्रित शिक्षा सुधार का नया चरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शिक्षा सुधार अब नामांकन और आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ बच्चों के वास्तविक अधिगम परिणामों पर केंद्रित हो चुका है। निपुण भारत मिशन, शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल अनुश्रवण और अब कैच-अप शिक्षण अभियान के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है कि कोई भी बच्चा सीखने की दौड़ में पीछे न रह जाए। यह पहल गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और परिणामोन्मुखी शिक्षा व्यवस्था के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### अनुभव आधारित और रुचिकर होगा शिक्षण

कैच-अप शिक्षण को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखते हुए स्थानीय परिवेश, दैनिक जीवन के अनुभवों और गतिविधि आधारित शिक्षण से जोड़ा जाएगा। शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम), गणित किट, पुस्तकालय पुस्तकों, चार्ट, पोस्टर और स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। खेल आधारित गतिविधियों, कहानी, चित्र, लेखन, समूह कार्य तथा सहभागितापूर्ण शिक्षण के माध्यम से बच्चों की सीखने में रुचि बढ़ाई जाएगी।

### पीओके में पाकिस्तान के खिलाफ बगावत

# कश्मीर छोड़ो, सब्सिडी तुम्हारे मुंह पर मारेंगे

**भारत से व्यापार की मांग ने पकड़ा जोर**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में महीनों से जारी आक्रोश अब एक बड़ी राजनीतिक बगावत में तब्दील हो चुका है। जो आंदोलन कभी बिजली बिलों और गेहूं की कीमतों जैसी बुनियादी मांगों से शुरू हुआ था, उसने अब पाकिस्तान के प्रशासनिक नियंत्रण और सैन्य हुकूमत को खुली चुनौती दे दी है।

रावलकोट में आयोजित एक विशाल जनसभा में आंदोलनकारी नेताओं ने इस्लामाबाद के खिलाफ



अब तक का सबसे तीखा रुख अपनाया।

जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के प्रमुख नेता सरदार अमन कश्मीरी ने पाकिस्तानी हुकूमत को ललकारते हुए कहा, हम तुम्हारी सब्सिडी तुम्हारे मुंह पर मारते हैं। तुम इस रियासत से बाहर निकलो। उन्होंने साफ किया कि पीओके के लोग अब पाकिस्तान की किसी आर्थिक मदद पर निर्भर नहीं रहना चाहते। आंदोलनकारियों की मांग है कि पाकिस्तान क्षेत्र के सभी प्रशासनिक और राजनीतिक अधिकार स्थानीय जनता के हवाले करे और वहां से अपनी फौज हटाए।

पाकिस्तानी सेना द्वारा आर्थिक नाकेबंदी और राशन रोकने की कोशिशों पर कड़ा ऐतराज जताते हुए सरदार अमन ने वैकल्पिक रास्तों की बात की। उन्होंने सीधे तौर पर भारत के साथ व्यापारिक मार्ग खोलने की वकालत करते हुए कहा, अगर हमारा राशन रोका गया, तो हमारे पास दूसरे ट्रेड रूट भी हैं, हम उन्हें खोल देंगे। अब यह हमारा मसला है कि हम भारत से डील करें या जम्मू-कश्मीर से बात करें।

### इजराइल और अमेरिका आमने सामने, साध रहे निशाना

कतर के अमीर से मुलाकात के बाद इजराइल पर ट्रंप ने साधा निशाना

अमेरिका शांति चाहता है और इजराइल अपनी शर्तों पर अड़ा है

# ट्रंप ने फिर निकाली नेतन्याहू पर भड़ास कहा इजराइल से बेहतर तो सीरिया लड़ सकता है

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की रणनीति पर नाराजगी जताई है। ट्रंप ने साफ कहा कि हिज्बुल्लाह से निपटने में इजराइल से बेहतर काम सीरिया कर सकता है। उनका मानना है कि लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई ने ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता को लगभग पटरी से उतार दिया था। ट्रंप का यह बयान जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान कतर के अमीर से मुलाकात में सामने आया, जिसने पश्चिम एशिया की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। ट्रंप का कहना है कि इजराइल हिज्बुल्लाह के खिलाफ अभियान तो चला रहा है, लेकिन इसमें आम लोगों की जान भी जा रही है। ट्रंप ने तंज भरे अंदाज में कहा, इजरायल सबको मारे बिना यह



काम नहीं कर सकता, इसलिए सीरिया को यह काम करना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान इसलिए भी बहुत अहम माना जा रहा है, क्योंकि सीरिया लंबे समय से इजराइल का कट्टर विरोधी देश रहा है। ऐसे में ट्रंप का यह कहना कि सीरिया बेहतर तरीके से हिज्बुल्लाह से लड़ सकता है।

### ईरान को परमाणु बम नहीं रखने देंगे

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन



नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को किसी भी हाल में परमाणु हथियार नहीं रखने दिए जाएंगे, चाहे शांति समझौता हो या नहीं। उनका यह बयान तब आया है, जब पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच एक समझौते पर सहमति बनी है।

# पीएम आवास के लाभार्थियों को 25% भुगतान पर कब्जा

## बसंतकुंज योजना के 1822 नये आवंटियों के लिए होगा सुनहरा अवसर

अमन लेखनी समाचार

- प्राधिकरण भवन में 03 दिन कैम्प लगाकर आवंटियों से किये जाएंगे अनुबंध



**लखनऊ।** एलडीए प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को महज 25 प्रतिशत भुगतान पर भवन का कब्जा प्रदान करेगा। इससे लोग किरायेदारी के चक्कर से मुक्त होकर अपने स्वयं के आवास में परिवार के साथ निवास कर सकेंगे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर इसके लिए प्राधिकरण भवन में 03 दिन का विशेष कैम्प लगाया जाएगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को भवन के मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने पर भवन का भौतिक कब्जा प्रदान किये जाने के सम्बंध में प्राधिकरण बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया है। अब आवंटियों को इस योजना का लाभ देने के उद्देश्य से 30 जून से 02 जुलाई, 2026 तक प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी आवंटी आवेदन कर सकेंगे। उपाध्यक्ष ने बताया कि जुलाई, 2025 एवं फरवरी, 2026 में हुयी लॉटरी में 1822 लोगों को बसंतकुंज योजना के सेक्टर-आई में प्रधानमंत्री आवास आवंटित किये गये हैं। हाल ही में इन आवंटियों को आवंटन पत्र जारी किये गये हैं। इन सभी आवंटियों को भी 25 प्रतिशत भुगतान पर भवन का भौतिक कब्जा प्राप्त करने का विकल्प दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को भवन की कुल धनराशि 4,79,550 रुपये देनी होती है। इसकी 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने पर आवंटी के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करके भवन का भौतिक कब्जा प्रदान कर दिया जाएगा। इसमें आवंटी को जीएसटी, अनुरक्षण शुल्क, कॉर्पस फंड समेत अन्य शुल्क भी देने होंगे। जबकि, शेष धनराशि का भुगतान 07 वर्ष की 84 आसान किश्तों में करना होगा। जिसके अंतर्गत प्रतिमाह लगभग 5,428 रुपये की किश्त आएगी।

# प्रबंधन के उत्पीड़न से बिगड़ रहा है ऊर्जा निगमों का माहौल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन पर संवादहीनता तथा उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां जारी रखने का आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रबंधन के इस रवैये से ऊर्जा निगमों का औद्योगिक वातावरण लगातार बिगड़ रहा है। इसका प्रतिकूल प्रभाव सीधे तौर पर बिजली व्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है। संघर्ष समिति ने कहा कि समय की मांग है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन अपनी हठधर्मिता त्यागकर संघर्ष समिति के साथ सार्थक संवाद शुरू करे तथा बिजली कर्मियों के विरुद्ध की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां तत्काल वापस ले। आज सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए स्वस्थ कार्य वातावरण तथा पर्याप्त मानव संसाधन दोनों अनिवार्य हैं। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि बिजली कर्मियों के विरुद्ध की गई अधिकांश उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां



निजीकरण के उद्देश्य से प्रेरित हैं। बड़े पैमाने पर 45 प्रतिशत से अधिक संविदा कर्मियों को हटाए जाने की कार्रवाई भी इसी नीति का हिस्सा है। वर्तमान में बिजली व्यवस्था पर सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव संविदा कर्मियों की भारी संख्या में की गई छंटनी के कारण पड़ा है। इसके अतिरिक्त, सामान्य धरना-प्रदर्शन और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले बिजली कर्मियों के विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

# बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

## वंदना सिंह बनीं प्रदेश टॉपर , उच्च शिक्षा मंत्री ने सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मंगलवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन में उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 का परिणाम घोषित किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पांडे, आरएमएल विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमके अग्रवाल उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2026 के टॉपर्स से उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, कुलपतिगण तथा प्रमुख सचिव एवं सचिव द्वारा वीडियो कॉल पर वार्ता कर शुभकामनाएं दी और उनकी भविष्य की योजनाओं को जाना। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी को राज्य स्तरीय संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2026 आयोजित कराने का दायित्व सौंपा गया था।

विश्वविद्यालय द्वारा 31 मई को दो पालियों में प्रदेश के 72 जिलों के 1011 परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता एवं गोपनीयता के साथ परीक्षा आयोजित कराई गई। बी.एड. प्रवेश परीक्षा में 4,44,958 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 2,72,659 महिलाएं, 1,72,297 पुरुष तथा 2 ट्रांसजेंडर शामिल थे। श्रेणीवार 2,36,272 सामान्य, 1,32,217 अन्य पिछड़ा वर्ग, 72,128 अनुसूचित जाति, 1341 अनुसूचित जनजाति तथा 2448 दिव्यांगजन अभ्यर्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली में 4,00,499 तथा द्वितीय पाली में 4,00,756 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। कुल उपस्थिति लगभग 90 प्रतिशत रही। कासगंज एवं पीलीभीत में सबसे अधिक 95 प्रतिशत तथा गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में सबसे कम 84 प्रतिशत उपस्थिति रही।

परीक्षा के दौरान ओएमआर उत्तर पत्रकों की डबल स्कैनिंग एवं इमेज स्कैनिंग के माध्यम से स्कोरिंग की गई। कुल 4,00,107 अभ्यर्थियों को रैंक जारी की गई, जिनमें 1,53,612 पुरुष, 2,46,494 महिला तथा 01 ट्रांसजेंडर हैं। कला वर्ग के 2,48,452, विज्ञान वर्ग के 1,28,018, वाणिज्य वर्ग के 20,514 एवं कृषि वर्ग के 3771 अभ्यर्थी शामिल हैं।

प्रथम 10 में स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में 04 पुरुष तथा 06 महिला हैं। जनपद अलीगढ़ की सुश्री वन्दना सिंह (विज्ञान वर्ग) ने प्रदेश में प्रथम, अलीगढ़ के नितिन पचौरी (विज्ञान वर्ग) ने द्वितीय तथा जौनपुर की मिश्रा खुशी अजय (विज्ञान वर्ग) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख सलाहकार प्रो. एसपी सिंह, राज्य समन्वयक प्रो. सौरव श्रीवास्तव, सह राज्य समन्वयक प्रो. डीके भट्ट एवं प्रो. काव्या दुबे, कुलसचिव ज्ञानेन्द्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर, वित्त अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गोमती में गिर रहे 9 गन्दे नालों पर लगेगी रोक

- जल निगम ने एसटीपी के लिए एलडीए से मांगी जमीन

**लखनऊ।** गोमती नदी में गिर रहे गंदे नालों को रोकने और नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए एक बार फिर कवायद शुरू हुई है। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) ने लखनऊ विकास प्राधिकरण से 9 नालों के इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन (आईएंडडी) कार्य और 3 नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने के लिए जमीन की मांग की है।

जल निगम की ओर से अलीनगर, निशातगंज, बाबा का पुरवा, देवामऊ-बाधामऊ, खीरो देवरिया, निलमथा, इकाना और पिपराघाट समेत 9 प्रमुख नालों को चिन्हित किया गया है। इन नालों के नदी में मिलने वाले स्थानों के पास इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन संरचनाएं और सीवेज पंपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे, ताकि गंदा पानी सीधे गोमती में न गिर सके।

योजना के तहत निलमथा में 65 एमएलडी क्षमता का नया एसटीपी प्रस्तावित है, जिसके लिए करीब 2 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी। वहीं पिपराघाट और चैला नालों पर मॉड्यूलर एसटीपी स्थापित किए जाएंगे, जिनके लिए 0.4-0.4 हेक्टेयर भूमि मांगी गई है।

एलडीए इससे पहले वजीरगंज और जियामऊ एसटीपी के साथ सहारा सिटी, गोमती नगर और गोमती नगर विस्तार नालों के इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन कार्यों के लिए भूमि उपलब्ध करा चुका है। अब शेष परियोजनाओं के लिए भी भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया तेज करने का अनुरोध किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक प्रस्तावित कार्य पूरे होने के बाद गोमती में सीधे गिरने वाले सीवेज और दूषित जल की मात्रा में बड़ी कमी आएगी। इससे नदी की जल गुणवत्ता सुधरेगी और गोमती पुनरोद्धार अभियान को भी गति मिलेगी।

# घूस मांगने पर जेई निलंबित, दो संविदाकर्मी बर्खास्त

**लखनऊ।** नए बिजली कनेक्शन के लिए 13 लाख के एस्टीमेट पर पांच लाख की अतिरिक्त घूस मांगने के मामले में सरोसा भरोसा 11 केवी एलटी उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर ऋषि गोस्वामी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही एक संविदाकर्मी को नौकरी से बर्खास्त किया गया है। अमौसी जोन के दुबग्गा डिवीजन में तैनात जेई ऋषि गोस्वामी एवं फीडर प्रभारी अवनीश यादव किसी अज्ञात युवक से एक प्लाटिंग एरिया के विद्युतीकरण के लिए डीलिंग कर रहे थे। जिसका एस्टीमेट 13 लाख होने के बाद पांच लाख की घूस मांगते सुनाई दे रहे हैं, जिसका वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया में वायरल हो गया। अधीक्षण अभियंता तकनीकी ब्रह्म पाल ने जांच पड़ताल के बाद साथ ही संविदा पर तैनात कुशल श्रमिक फीडर प्रभारी अवनीश यादव एवं अकुशल श्रमिक आशुतोष यादव को बर्खास्त कर दिया। साथ ही ऋषि गोस्वामी को निलंबित करते हुए 11 केवी एलटी काकोरी क्षेत्र से सम्बद्ध कर दिया।

# दवा लेने निकली विवाहिता रहस्यमय ढंग से लापता, पुलिस तलाश में जुटी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक विवाहिता पिछले एक सप्ताह से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मलिहाबाद थाना क्षेत्र के अमानीगंज कसमंडी खुर्द निवासी रिंकी यादव (30), पत्नी करन यादव, बीते 9 जून को दवा लेने की बात कहकर घर से निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों के मुताबिक रिंकी यादव की लंबाई लगभग साढ़े चार फीट है। उनकी एक आंख में दिक्कत है और दाहिने हाथ पर ₹करन₹ नाम लिखा हुआ है। घर से निकलते समय उन्होंने पीले रंग की साड़ी पहन रखी थी। पति करन यादव ने बताया कि पत्नी रिंकी अपने छह माह के पुत्र कार्तिक को घर पर छोड़कर दवा लेने गई थीं। उन्होंने बताया कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और मलिहाबाद के एक निजी अस्पताल से इलाज चल रहा था। घटना के समय



गुमशुदा विवाहिता रिंकी – फोटो

उनके पास कोई मोबाइल फोन भी नहीं था। मामले में मलिहाबाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि महिला की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने के साथ-साथ अन्य माध्यमों से भी खोजबीन में जुटी हुई है।

# लविवि ने एडजंक्ट फैकल्टी व प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध वर्षभर चलने वाले रोलिंग विज्ञापन के माध्यम से एडजंक्ट फैकल्टी के पैनल में शामिल होने तथा प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के रूप में सहभागिता के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस पहल का उद्देश्य प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों, पेशेवरों, शोधकताओं, सिविल सेवकों, उद्यमियों, कलाकारों, विधि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों तथा कुशल प्रैक्टिशनर्स को विश्वविद्यालय की अकादमिक व्यवस्था से जोड़ना है। एडजंक्ट फैकल्टी का पैनल शिक्षण, प्रशिक्षण, शोध, मार्गदर्शन, कौशल विकास तथा उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय ने प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के लिए विभिन्न श्रेणियों का प्रावधान किया है, जिनमें उद्योग-वित्त पोषित, विश्वविद्यालय-वित्त पोषित तथा मानद प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस शामिल हैं।

# 1912 हेल्पलाइन कॉल सेंटर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** आशियाना इलाके के शारदा नगर योजना स्थित रतनखंड में संचालित 1912 हेल्पलाइन कॉल सेंटर के कर्मचारियों ने वेतन न मिलने और वेतन कटौती के विरोध में मंगलवार को कार्यालय परिसर में नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा कर प्रदर्शन किया। वही प्रदर्शन की सूचना पर पहुंची आशियाना पुलिस ने अधिकारियो से वार्ता करा प्रदर्शन समाप्त कराया। इस प्रदर्शन के दौरान संस्था के कर्मचारियों का आरोप था उन्हें पिछले 45 दिनों से वेतन नहीं मिला है, मामूली देरी पर भी उपस्थिति काटकर वेतन में कटौती कर दी जाती है और उन्हें आवश्यक सुविधाएं तक नहीं मिलतीं और कॉल अटेंड करने के लिए निजी हेडफोन खरीदने पड़ते हैं। जिसके चलते उन्होंने वेतन भुगतान और कटौती के चलते अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन किया है। वहीं संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सचिन पाण्डेय ने बताया कि कर्मचारियों से बातचीत हो चुकी है तथा पुराने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार सभी कर्मचारियों का लंबित वेतन चार दिनों के भीतर जारी कर दिया जाएगा।



# अजय राय ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

- बैनामा लेखक, अधिवक्ता तथा अन्य संबंधित वर्गों के हितों के संरक्षण के संबंध में लिखा पत्र

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने निबंधन विभाग द्वारा प्रस्तावित ई-गवर्नेंस माडल के अंतर्गत दस्तावेज पंजीकरण कार्यों में निजी संस्थाओं की भागीदारी से बैनामा लेखक, अधिवक्ता तथा अन्य संबंधित वर्गों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इन वर्गों के हितों के संरक्षण के लिए समुचित समाधान निकालने का आग्रह किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि उप्र कांग्रेस कमेटी न तो अभिलेखों के डिजिटलीकरण का विरोध करती है और न ही ऐसी किसी व्यवस्था का, जिससे नागरिकों को अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं प्राप्त हों, किन्तु यदि निबंधन व्यवस्था के महत्वपूर्ण कार्यों को निजी संस्थाओं के माध्यम से संचालित किया जाता है तो इससे एक सीमित समूह अथवा कार्टेल के प्रभाव स्थापित होंगे, ऐसी स्थिति में सेवा प्रदायगी पर निजी हितों का प्रभाव बढ़ने, शुल्कों में अप्रत्यक्ष वृद्धि होने तथा आगम नागरिकों के समक्ष नई प्रकार की निर्भरता उत्पन्न होने की आशंका है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जुड़े दस्तावेज लेखक, अधिवक्ता, स्टाम्प विक्रेता, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मुंशी तथा अन्य लाखों श्रमिक एवं उनके परिवार अपनी आजीविका के संबंध में गहरी चिंता व्यक्त कर रहे हैं। शासन की किसी भी नई नीति का उद्देश्य जनहित होना चाहिए, न कि ऐसे वर्गों को असुरक्षा की स्थिति में पहुंचा देना, जिन्होंने दशकों से निबंधन व्यवस्था के संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक दक्षता और तकनीकी प्रगति का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मात्र निजीकरण ही एकमात्र विकल्प नहीं है।

प्रस्तावित ई-गवर्नेंस मॉडल को लागू करने से पूर्व उसकी व्यापक समीक्षा कराई जाए तथा इसके क्रियान्वयन से पूर्व दस्तावेज लेखक संघ, अधिवक्ता संगठनों, स्टाम्प विक्रेताओं एवं अन्य हितधारकों के साथ विस्तृत संवाद स्थापित किया जाए।

# शकुन्तला विवि में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में संचालित विभिन्न स्नातक, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 जून कर दी है। यह जानकारी प्रवेश निदेशक प्रो अनामिका चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित थी, जिसे अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया गया है। कुलसचिव रोहित सिंह ने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें स्नातक स्तर के कई व्यावसायिक और पारंपरिक पाठ्यक्रम शामिल हैं।

# सपा कार्यकर्ता जनता की समस्याओं का करें निराकरण

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** सपा ने जयप्रकाश लोहिया के सिद्धांतों का पालन करते हुए जनता की आवाज को संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष करते हुए उनकी आवाज को बुलंद किया है। प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल होने की वजह से समाजवादियों का यह दायित्व बनता है कि वह जनता की छोटी से छोटी समस्याओं का निराकरण करने की पहल करें।

यह बात सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक रंजन श्रीवास्तव ने कहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब सपा की सरकार थी तो प्रदेश का चौमुखी विकास किया लेकिन आज प्रदेश की जनता विकास से दूर है। आज प्रदेश की स्थिति सबके सामने है। महंगाई अपनी चरम सीमा पर हैं। आटा चावल दाल एवं सब्जियों के दाम इतने अधिक बढ़ चुके हैं कि निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों का जीना माहौल हो गया है। उन्होंने कहा की गैस पेट्रोल और डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम में गिरावट होने के बावजूद केंद्र सरकार गैस पेट्रोल और डीजल के बड़े हुए मूल्य को कम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश की जो स्थिति है वह किसी से छुपी नहीं है देश और प्रदेश की जनता में आक्रोश दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है देश की महिलाएं बुजुर्ग नौजवान व्यापारी किसानों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का गठन के समय जनता से विकास के बड़े-बड़े वादे किए गए थे लेकिन उन वादों को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को दुगनी करने की बात की गई थी लेकिन आज हमारा किसान खाद, बीज, पानी की समस्या से परेशान है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। हाल ही में राजधानी में कई निर्दोष युवकों की हत्याएं अपराधियों द्वारा कर दी गई लेकिन आज तक अपराधियों के खिलाफ कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई। रंजन ने कहा कि आगामी विधानसभा के चुनाव में सपा का हर कार्यकर्ता घर जाकर पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को घर-घर तक पहुंचने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब सपा की सरकार थी तो किसानों व्यापारियों, नौजवानों, महिलाएं, बुजुर्गों के हितों के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए गए थे लेकिन पिछले 7 सालों में प्रदेश विकास के मामले में काफी पीछे गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जनता को गुमराह कर वोट लेने का काम कर रही है लेकिन उनके हित के लिए कुछ भी नहीं कर रहे हो। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा में प्रचंड बहुमत के साथ प्रदेश में सपा सरकार का गठन होगा।

# कार सवार चार अज्ञात चोरों ने किसान की पत्नी को बंधक बनाकर, दो बकरियां की पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात कार सवार चार अज्ञात व्यक्ति एक किसान की पत्नी को बंधक बनाकर उसकी दो बकरियां उठा ले गए। किसान की पत्नी ने विरोध करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे गोली मारने की धमकी दी।मंगलवार सुबह पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बंथरा के रहीम नगर पड़ियाना स्थित गोड़वा गांव निवासी किसान भीखा लाल की पत्नी गुड्डी के मुताबिक सोमवार रात करीब 2 बजे अचानक एक काले रंग की कार आकर उसके दरवाजे पर खड़ी हुई। पीड़िता का कहना है कि कार से चार अज्ञात व्यक्ति उतरे। जिसमें से एक ने उसे दबोच लिया और तीन व्यक्तियों ने उसकी दो बकरी उठाकर अपनी कार में डाल ली। पीड़िता का कहना है कि उसने विरोध किया तो आरोपियों ने गोली मारने की धमकी दी।जिससे वह डर गई। बाद में उसने शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आरोपी धमकी देते हुए कार से बकरियां लेकर फरार हो गए।मंगलवार को गुड्डी ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल करने के साथ सीसीटीवी कैमरों के सहारे कार सवार लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# हिस्ट्रीशीटर छह माह के लिए जिला बदर, पुलिस की कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर शिकंजा कसते हुए उत्तरी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया गया है। मंगलवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) के आदेश के अनुपालन में मलिहाबाद पुलिस ने आरोपी को कमिश्नरेट सीमा से बाहर भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मलिहाबाद के नवीनगर निवासी अजीत कुमार उर्फ पिंटू (24) के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। लगातार आपराधिक



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

गतिविधियों में संलिप्त रहने और क्षेत्र की शांति व्यवस्था के लिए खतरा बनने के कारण उसके विरुद्ध गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिला बदर की कार्रवाई की गई। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को उसके घर से हिरासत में लिया और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए लखनऊ की सीमा से बाहर भेज दिया। आदेश के तहत वह अगले छह माह तक लखनऊ जनपद में प्रवेश नहीं कर सकेगा। यदि वह आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के बीच हड़कंप है, जबकि स्थानीय लोगों ने इसे कानून व्यवस्था के लिए सकारात्मक कदम बताया है।

# एयरपोर्ट पर यात्री के पास रिवाल्वर और 46 कारतूस बरामद

- सीआईएसएफ जवानों ने हिरासत में लेकर सरोजनी नगर पुलिस के किया हवाले

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सोमवार रात एक यात्री के पास रिवाल्वर और 46 कारतूस बरामद होने से हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ जवानों ने आनन-फानन उसे हिरासत में लेकर सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में यात्री ने शस्त्र लाइसेंस मंगाकर दिखाया। जिसके बाद पुलिस ने उसे जाने दिया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक महोबा जिले के कबरई स्थित खजुरिया निवासी सागर सिंह लखनऊ से रात 8 बजे चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई 6552) से चंडीगढ़ जाने के लिए सोमवार देरशाम लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। तभी सुरक्षा जांच के दौरान उनके बैग में एक रिवाल्वर और 32 बोर के 46 कारतूस बरामद हुए। बैग के अंदर रिवाल्वर और भारी संख्या में कारतूस बरामद होने से सीआईएसएफ के हाथ पाँव फूल गए और उन्होंने आनन-फानन यात्री सागर को हिरासत में ले लिया। बाद में उससे पूछताछ कर सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया।पुलिस का कहना है कि बाद में यात्री ने शस्त्र लाइसेंस दिखाया, जिसके बाद उसका रिवाल्वर और बरामद कारतूस सुपुर्द कर उसे छोड़ दिया गया। फिलहाल इस कार्रवाई में यात्री सागर की फ्लाइट छूट गई।

# सड़क हादसे में घायल गार्ड की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गार्ड की नौकरी करके लखनऊ से वापस घर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आनन फानन ग्रामीणों की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के दाऊदपुर निवासी घनश्याम यादव (50) सोमवार दोपहर को लखनऊ में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी करके बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी मलिहाबाद के रामनगर गांव के पास गुड्डू की मार्केट के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर



मृतक घनश्याम फाइल – फोटो

मार दी जिससे उस पर सवार चालक उछलकर दूर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन ग्रामीणों ने उसे काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार तड़के सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक के भांजे रंजीत ने बताया कि मामा घनश्याम यादव लखनऊ में प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। वहीं से वापस कर लौट रहे थे। जिसके चलते यह घटना घटी। मृतक के परिवार में पत्नी सुनीता यादव, बेटी सुगम यादव, दो बेटे सुभाष यादव, सौरभ यादव है, जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली हुई है।

## संक्षेप

### घर के सामने डाल रहे गंदगी पीड़ित ने दी तहरीर

बांगरमऊ, उन्नाव। घर के सामने गंदगी फैलाने से मना कर पर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गोसाकुतुब निवासी प्रतीक पटेल पुत्र रणधीर सिंह ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसके घर के सामने गांव निवासी विपक्षी गोबर व कूड़ा डालकर गंदगी करता है जिसके मना करने पर भद्दी भद्दी गालिया देता है पीड़ित ने कहा है कि लगातार विपक्षियों के गाली गलौज करने से उसका परिवार मानसिक उत्पीड़न का शिकार होकर रह गया है ।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रहा युवक विद्युत करंट से झुलसा

उन्नाव। अचलगंज जामुन तोड़ने पेड़ पर चढ़ा युवक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। परिजन सीएचसी लेकर आए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पदमरा निवासी गौरव 24 पुत्र हरी निषाद बकरी चराने गया हुआ था। गांव के बाहर पेड़ से जामुन तोड़ने लगा ।जिसके नीचे से ही विद्युत लाइन गुजरी है । जिसके झूलते तार पेड़ की टहनियों से छू रहे थे ।गौरव जैसे ही पेड़ पर चढ़ा उसे जोर का झटका लगा और बुरी तरह झुलस कर जमीन पर गिर पड़ा। विद्युत प्रवाह इतना तेज था कि पेड़ के पत्ते भी झुलस गए ।परिजन उसे तुरंत एम्बुलेंस से सीएचसी लेकर आए। जहां उसकी नाजुक हालत देख कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### ट्रैक्टर ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर, दुर्घटना में बाइक सवार वृद्धा की मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के भिखारीपुर -पतसिया के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए यहाँ के सरकारी अस्पताल लाया जा रहा था। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के भिखारीपुर पतसिया के मजरा गढेवा निवासी अमृतलाल पुत्र फूलचंद द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार बीते सोमवार शाम करीब चार बजे वह अपनी मां फूलन देवी (62) को बाइक से लेकर पतसिया स्थित बैंक से पैसा निकालने जा रहा था। रास्ते मे पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी उसकी मां फूलन देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल वृद्धा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ ले जाया जा रहा था। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अमृतलाल ने ट्रैक्टर चालक सुजीत पुत्र रामजीवन निवासी पतसिया के विरुद्ध लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने और दुर्घटना करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# निमाणर्धीन क्रिकेट स्टेडियम का वक्फ एवं हज बोर्ड के अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। सोनिक स्थित निमार्णाधीन क्रिकेट स्टेडियम को लेकर अब विवाद खड़ा हो गया है। वक्फ एवं हज बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने स्टेडियम का निरीक्षण करने के बाद परियोजना में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद न तो आधुनिक क्रिकेट एकेडमी तैयार हो सकी है और न ही खिलाड़ियों के लिए मानक के अनुरूप खेल मैदान विकसित हो पाया है। मोहसिन रजा ने निर्माण कार्यों और मौके की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस उद्देश्य से इस परियोजना की शुरूआत की गई थी, वह पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। उनका कहना था कि युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के नाम पर बड़ी धनराशि खर्च की गई, लेकिन धरातल पर अपेक्षित परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। मोहसिन रजा ने जोर देकर कहा कि क्रिकेट स्टेडियम और एकेडमी जैसी परियोजनाएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। हालांकि, यदि इनमें पारदर्शिता नहीं बरती जाती तो खिलाड़ियों के हित प्रभावित होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना में धन के उपयोग को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है ।उन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट प्रशासन से जुड़े कुछ लोगों पर भी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया। मोहसिन रजा ने पूरे मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की इस परियोजना में यदि अनियमितता हुई है, तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ।उन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट प्रशासन से जुड़े कुछ लोगों पर भी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया। मोहसिन रजा ने पूरे मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की इस परियोजना में यदि अनियमितता हुई है, तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। मोहसिन रजा ने चेतावनी दी कि यह मामला केवल एक स्टेडियम तक सीमित नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों और खेल सुविधाओं से जुड़ा एक गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई, तो वह प्रदेश स्तर पर एक अभियान चलाएंगे और इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होंने यह भी जोड़ा कि सरकार लगातार खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। ऐसे में कुछ लोगों की लापरवाही या गलत कार्यप्रणाली के कारण इन महत्वपूर्ण योजनाओं का मूल उद्देश्य प्रभावित नहीं होना चाहिए।

# सभासदों ने नगर पालिका प्रशासन पर लगाए कई गंभीर आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। नगर पालिका परिषद में एक बार फिर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कई सभासदों ने प्रेस वार्ता कर पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सभासदों का कहना है कि सरकार से पर्याप्त बजट मिलने के बावजूद नगर पालिका में भ्रष्टाचार के कारण आम जनता परेशान है। उन्होंने ₹मोदी-योगी सरकार ने दिया भरपूर बजट, फिर भी भ्रष्टाचार के चलते जन-जन बेहाल है₹ का नारा भी दिया। प्रेस वार्ता में सभासद अमित सिंह बउवा, ब्रजेश पांडे, सतीश यादव सहित कई अन्य सभासद मौजूद रहे। सभासदों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों से वे लगातार नगर पालिका में समस्याओं और अनियमितताओं को लेकर शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

सभासदों ने बताया कि उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, एडीएम, जिलाधिकारी, कमिश्नर और मुख्यमंत्री कार्यालय तक पत्राचार किया है। इसके बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पत्रों को गंभीरता से नहीं लिया जाता और शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया जाता है ।सभासदों ने नगर पालिका में खरीद और विकास कार्यों को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जेम (ऋीट) पोर्टल के माध्यम से खरीद में भी अनियमितताएं हुई हैं। खजूर के पेड़ों की खरीद का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पोर्टल पर खरीद संभव होने के बावजूद इसे लेकर गलत जानकारी दी गई।

नगर पालिका के विकास कार्यों पर सवाल उठाते हुए सभासदों ने कहा कि पालिका की ओर से सैकड़ों सड़कें बनवाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी जनता को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक वार्ड में मात्र 18 हजार रुपये के क्रॉस निर्माण का काम भी लंबे समय से लंबित है। सभासदों ने चेयरमैन और चेयरमैन पति के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें मुख्यमंत्री का संरक्षण मिलने की बात कही गई थी।

# फसल अवशेष जलने पर लगा विराम

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। मक्का के फसल अवशेष को आधुनिक मशीनों से एकत्र कर ले जाया जा रहा है जिससे फसल अवशेष जलने पर विराम लगता दिख रहा है साथ ही फसल अवशेष की उपयोगिता पर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है ।ज्ञात हो पिछले कई दिनों से दूर दराज की एक टीम आधुनिक मशीनों द्वारा क्षेत्रीय किसानों के खेतो में फसल अवशेष को एकत्र कर ले जाने के कार्य में लगी हुई है इस कार्य से किसानों के खेत साफ हो जा रहे है जिससे फसल अवशेष जलाना नहीं पड़ रहा है साथ ही आधुनिक मशीनों से मक्का के फसल अवशेष को एक रोल के आकार में एकत्र कर उसे ट्रेक्टर ट्राली पर लोडिंग यह सभी कार्य आधुनिक मशीनों से किया जा रहा जिससे लोगों में इसे देखने की उत्सुकता बनी रहती है किसानों के खेत से मुफ़्त में फसल उठाने वाले कर्मचारियों के अनुसार यह मक्का फसल अवशेष को सी एन जी गैस उत्पादन क्षेत्र में प्रयोग किया जाता है हालांकि इस कार्य से



किसानों की मुफ्त में खेत साफ हो रहे है जबकि टीम को मुफ्त में फसल अवशेष मिल रहा है जिससे यह कार्य कई दिनों से लगातार संचालित हो रहा है।

# ठाकुरबाबा मंदिर में गूंजे सुंदरकांड के स्वर, विशाल भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अमन लेखनी समाचार**



नवाबगंज, उन्नाव। ब्लॉक क्षेत्र के दौलत खेड़ा, चमरौली स्थित प्रसिद्ध ठाकुरबाबा मंदिर परिसर में क्षेत्रवासियों की ओर से ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधि-विधान के साथ सुंदरकांड पाठ कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। पाठ के समापन के बाद मंदिर परिसर में हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद कन्या भोज कराया गया और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजकों ने बताया कि ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल पर हर वर्ष ठाकुरबाबा मंदिर में भव्य भंडारे एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल होते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अहिबरन चंदेल, शिव करन चंदेल, राजू सिंह, योगेंद्र (रामू चंदेल), विनय चंदेल, दीपक चंदेल, प्रखर चंदेल, सुमित, अनुज, अंश, यश, कान्हा, रौनक परिहार सहित क्षेत्रवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# मार्ग दुर्घटना में छोटे भाई की मौत बड़ा भाई घायल

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के पच्चेडा गांव में सोमवार की रात एक सड़क हादसे में 10 साल के बालक की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना तब हुई जब उनकी बाइक सड़क पर खड़े एक रोड रोलर से टकरा गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।मृतक की पहचान पच्चोड़ा सरांय निवासी अफजल (10) पुत्र रमनी के रूप में हुई है। वह अपने भाई रिजवान (22) के साथ सिकंदरपुर करण गांव से अपने गांव पच्चोड़ा लौट रहा था। रास्ते में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े रोड रोलर से जा टकराई ।टक्कर इतनी भीषण थी कि अफजल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रिजवान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल रिजवान को उपचार के लिए अस्पताल भेजा ।पुलिस ने मृतक अफजल के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घटना की जानकारी दी। अफजल अपने तीन भाइयों और एक बहन में से एक था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# सात अपराधी किए गए जिला बदर चार अपराधियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बड़ी कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए सात अपराधियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही गंभीर अपराधों में पंजीकृत चार अपराधियों के शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिला बदर किए गए अपराधियों को निर्धारित अवधि तक उन्नाव जनपद और उससे सटे जिलों की सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित अपराधियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला बदर किए गए अपराधियों में गंगाघाट थाना क्षेत्र के पीपरखेड़ा डेरावाला निवासी अमरपाल यादव उर्फ छोटू यादव, पुरवा थाना क्षेत्र के दयालखेड़ा निवासी लल्लन, गंगाघाट थाना क्षेत्र के गजियाखेड़ा निवासी सुनील, बांगरमऊ थाना क्षेत्र के खैरहन निवासी आरिफ मंसूरी उर्फ आरिफ अहमद, गंगाघाट थाना क्षेत्र के श्रीनगर शुक्लागंज निवासी विनीत सिंह, बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के भिक्खनपुर गोपालपुर निवासी अरविंद अवस्थी उर्फ मोहन और अनमोल उर्फ विवेक कुमार शामिल हैं। इन अपराधियों के खिलाफ विभिन्न थानों में मारपीट, धमकी, हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं ।जिलाधिकारी ने गंभीर अपराधों में संलिप्त चार लोगों के शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त किए हैं। इनमें आसीवन थाना क्षेत्र के नौगवां निवासी राधेश्याम, रामरहीश, वीर सिंह यादव उर्फ राजेश यादव और पृथ्वीपाल शामिल हैं। इनके खिलाफ आसीवन थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है ।जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा इससे पहले भी आठ अपराधियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की जा चुकी है। इस तरह अब तक कुल 15 अपराधियों को जिला बदर किया जा चुका है।

# ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को जगह जगह भंडारे का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



सफीपुर, उन्नाव। ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगल के अवसर पर कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भंडारों का आयोजन किया गया। विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया ।सिद्धिपीठ मां शंकरी देवी मंदिर में आयोजित विशाल भंडारे का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने पूजा-अर्चना कर किया। उन्होंने मां शंकरी देवी के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विधायक ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का कार्य करते हैं वहीं नगर पंचायत सफीपुर में नगर अध्यक्ष गरिमा बाजपेई के पति सौरभ बाजपेई उर्फ राजा बेटा अधिशाषी अधिकारी विनीत कुमार श्रीवास्तव ने भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों भक्तों में प्रसाद को ग्रहण किया सराय सकहन गांव निवासी रजनीश तिवारी ने हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया। पाठ के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर भगवान श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा ।कस्बे के विभिन्न मोहल्लों, मंदिरों एवं प्रमुख चौराहों पर भी भंडारों का आयोजन किया गया।

# मुंबई में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। 20 वर्षीय विवाहिता शिवानी की मुंबई में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।शिवानी आसीवन थाना क्षेत्र के खरगौरा की निवासी थी। उसकी शादी 16 नवंबर 2025 को सफीपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी संजय के साथ हुई थी। शादी के बाद वह अपने पति के साथ मुंबई के कमला नेहरू नगर इलाके में रह रही थी। परिजनों के मुताबिक, वह लगभग एक माह पहले ही पति के साथ मुंबई गई थी ।रविवार को मुंबई पुलिस ने परिजनों को शिवानी की मौत की सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन मुंबई पहुंचे, जहां शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव को उन्नाव लाया गया। मंगलवार को उन्नाव में शिवानी का दोबारा पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, ताकि मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सके ।मृतका के परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहा था। उन्होंने बताया कि शिवानी से दो लाख रुपये नकद और एक अपाचे बाइक की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। परिजनों ने यह भी बताया कि शिवानी करीब चार माह की गर्भवती थी ।परिवार का आरोप है कि शिवानी की मौत सामान्य नहीं है, बल्कि उसे प्रताड़ित कर हत्या की गई है। उन्होंने पुलिस से मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष आसीवन प्रदीप ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पंचायत भवन में रात्रि चौपाल का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड सफीपुर की ग्राम पंचायत सफीपुर ग्रामीण पंचायत भवन में आयोजित रात्रि चौपाल में भारत सरकार के 12 वर्ष सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर निदेशों के क्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक बंबा लाल दिवाकर के समक्ष लोगो ने पंचायत में पुरानी सड़को , ग्रामीणों की शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करते हुए विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। रात्रि चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टाल भी लगाए गए, जहां ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने पात्र प्रधान मंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन शौचालय, पी एम किसान व आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को उवालब्ध कराकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई और जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। विधायक ने कहा कि सरकार गांवों के समग्र विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास,स्वच्छ भारत मिशन के प्रमाण पत्र वितरित किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत ,ग्राम प्रधान राधाकृष्ण,सीएचसी अधीक्षक डाक्टर राजेश वर्मा,डाक्टर ब्रजेश सिंह ग्राम पंचायत सचिव शुभम वर्मा,उत्तम अवस्थी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं और सुझाव प्रस्तुत किए।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। देश मे विकास की गति नित तेज होती जा रही है। मोदी का सपना 2047 तक विकसित भारत हम सबको मिल कर पूरा करना है। विश्व पटल पर देश नई बुलंदियों पर पहुँच रहा है । उक्त उदगार तहसील क्षेत्र के रघुराजा रामगोपाल डिग्री कॉलेज में क्लियर सिक्योर सर्विसेज लिमिटेड द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में भगवंतनगर चैयरमैन आशीष शुक्ला ने दिए। शुक्ला ने कहा वर्तमान सरकार द्वारा सैकड़ो जनपरक योजनाएं चलाई जा रही जिसका प्रत्यक्ष लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है ।भाजपा सरकार जातिगत भेदभाव न करते हुए गरीब,किसान ,नौजवान व मातृशक्ति की ही जाति के विकास को ही मुख्य आधार माना है। विगत हो कौशल विकास अन्तर्गत कार्य कर रहीक्लियर सिक्योर सर्विसेज क्षेत्र के दो डिग्री कालेजो में हेल्थ केयर क्षेत्र में छात्राओं के लिए 6 माह का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रबंधक शिव बोधन मिश्रा द्वारा किया गया ।इस मौके प्रधान अभिषेक वर्मा,प्रधान शिव दर्शन,मुफीद,सुधांशू मिश्रा,सहित सैकड़ों नर्सिंग कोर्स सीख रही छात्राएं शामिल रही।



# सुगमेश्वर मंदिर समिति ने तीर्थाटन के लिए उपलब्ध कराए दो निःशुल्क वाहन, विशाल भंडारे में उमड़ी भीड़

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। मौरावां स्थित सुगमेश्वर महादेव मंदिर समिति की ओर से मंगलवार को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दिव्य लोक यात्रा एवं तीर्थाटन हेतु दो निःशुल्क वाहनों का शुभारंभ किया गया। इस पुनीत अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे व जनसभा का आयोजन हुआ, जिसमें मौरावां समेत आसपास के गांवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसके बाद शुभारंभ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गंगा प्रसाद वर्मा ने की, जबकि मंच का संचालन क्षेत्र के प्रखर विद्वान एवं ज्योतिषाचार्य बालशंकर त्रिपाठी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद साक्षी महाराज को आना था। उन्होंने पखवारे पूर्व कार्यक्रम की स्वीकृति भी दे दी थी और आयोजक अधिवक्ता एस.वी. शर्मा व उनकी टीम ने भव्य तैयारियां की थीं। लेकिन अचानक आवश्यक कार्य आ जाने के कारण सांसद महोदय कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, जिससे आयोजकों को निराशा हुई। सभा को संबोधित करते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य विधान परिषद अरविंद कुमार त्रिपाठी ने कहा, ₹अपने लिए तो सभी जीते हैं, लेकिन जो समाज का चिंतन करते हैं और दूसरों के दुखों को बांटते हैं, वही सच्चे मानव हैं। यही मानवता का असली धर्म है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी 'परहित सरिस धर्म नहि भाई' कहकर परोपकार को सबसे बड़ा धर्म बताया है। नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने मंदिर समिति के कार्यों की सराहना करते हुए मंदिर परिसर में एक भव्य सांकेतिक गेट बनवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समिति धार्मिक कार्यों के साथ सामाजिक दायित्वों को भी बखूबी निभा रही है। सभा को मोती लाल, पी.के. दीक्षित समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी, हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सतीश त्रिपाठी, शिवकुमार गुप्ता, भाजपा नेता उत्तम चंद लोधी, राजेंद्र सिंह, रामबिलास यादव, गुरुप्रसाद रावत, भूपेश कुमार, लाला शर्मा, राजू अवस्थी, दुर्गा सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष नवनीत शुक्ल, प्रदीप मिश्र समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक एस.वी. शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आए हुए पत्रकार बंधुओं का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान भी किया। भंडारे में देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

**भारत ने पहली बार अपने 12 परमाणु हथियारों को सक्रिय स्थिति में रखा है। अब देश के शस्त्रागार को केवल 'भंडारित' के बजाय 'परिचालन रूप से तैनात' माना गया है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम चीन और पाकिस्तान की ओर से बढ़ते खतरों के बीच भारत की द्वितीय-प्रहार क्षमता को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। अब हमारे पास 190 परमाणु बम हैं। हालांकि, 2003 में उद्घोषित की गई अपनी परमाणु सैन्य सुरक्षा रणनीति के तहत भारत अपनी तरफ से प्रथमतः न्यूक्लियर अस्त्रों का कदाचित इस्तेमाल नहीं करेगा। आज उच्च तकनीकी विकास, 'आत्म निर्भर भारत' व 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों ने स्थिति को पूरी तरह पलट दिया है। हथियारों व सैन्य उपकरणों के लिए बाहरी राष्ट्रों पर निर्भर रहने वाला भारत आज हथियार बाजार का एक बड़ा खिलाड़ी बन गया है। देश पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान स्टील्थ फाइटर जेट एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट या एएमसीए का स्वयं निर्माण करने जा रहा है। बेशक, रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भारत वैश्विक मंच पर एक महाशक्ति के रूप में स्थापित होने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है, लेकिन अभी भी देश को एक लंबा सफर तय करना है। आंकड़े बताते हैं कि सफर लंबा जरूर है, लेकिन मुश्किल नहीं है।** ***इन्हीं हालातों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# आक्रामक हुई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति !



विश्लेषण
प्रभात कुमार राय
विदेशी मामलों के जानकार

**क्या भारत अब रक्षात्मक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के स्थान पर आक्रामक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का अनुसरण करेगा? यह यक्ष प्रश्न तब उभरा है, जबकि स्वीडन के स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट संक्षेप में एसआईपीआरआई द्वारा इस ज्वलंत तथ्य को उद्घाटित किया गया कि आधुनिक इतिहास में पहली दफा भारत द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों पर लैस करके 12 न्यूक्लियर अस्त्र-शस्त्रों को सक्रिय स्थिति में अपने सुरक्षात्मक मोर्चे पर तैनात कर दिया गया है। अभी तक सभी बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर बम भारत के अलग-अलग गोदामों में सुरक्षित रखे गए थे। न्यूक्लियर बम की सक्रिय स्थिति में तैनाती के निर्णय को भारत की राष्ट्रीय सैन्य सुरक्षा रणनीति में बुनियादी बदलाव करार दिया गया है।**

विश्व पटल पर यक्ष प्रश्न उभरा है कि क्या भारत द्वारा अपनी परंपरागत राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का परित्याग कर दिया गया है? क्या भारत अब रक्षात्मक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के स्थान पर आक्रामक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का अनुसरण करेगा? यह यक्ष प्रश्न तब उभर कर विश्व के सामने उपस्थित हुआ है, जबकि स्वीडन के स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट संक्षेप में एसआईपीआरआई द्वारा इस ज्वलंत तथ्य को उद्घाटित किया गया कि आधुनिक इतिहास में पहली दफा भारत द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों पर लैस करके 12 न्यूक्लियर अस्त्र-शस्त्रों को सक्रिय स्थिति में अपने सुरक्षात्मक मोर्चे पर तैनात कर दिया गया है।

गौरतलब है कि एसआईपीआरआई विश्व स्तर पर आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्रों की खरीद फरोख्त और विश्व पटल पर अस्त्र-शस्त्रों के निर्माण पर खर्च की जाने वाली अकूत धन दौलत का जायजा लेने के लिए शोध कार्य अंजाम देता है। एसआईपीआरआई के बताए तथ्यों का भारत सरकार द्वारा कदाचित खंडन नहीं किया गया है। अतः अंतरराष्ट्रीय तौर पर इस तथ्य को स्वीकार कर लिया गया है कि अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन और उत्तरी कोरिया की तरह भारत ने भी अपने न्यूक्लियर बमों को बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ सन्नद करके अपने सैन्य सुरक्षा मोर्चो पर बाकायदा तैनात कर दिया है। अभी तक सभी बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर बम भारत के अलग-अलग अस्त्र शस्त्र सैन्य गोदामों में सुरक्षित रखे गए थे। न्यूक्लियर बम को सक्रिय स्थिति में तैनात करने के निर्णय को भारत की राष्ट्रीय सैन्य सुरक्षा रणनीति में बुनियादी बदलाव करार दिया जा रहा है।

## सुरक्षात्मक सैन्य रणनीति

राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के इस बदलाव से क्या यह समझ लिया जाए कि भारत परंपरागत सुरक्षात्मक सैन्य रणनीति का परित्याग करके, क्या भारत आक्रामक सैन्य सुरक्षा रणनीति की तरफ बढ़ गया है? सन् 2003 में भारत ने अपने परमाणु सैन्य रणनीति का सैद्धांतिक तौर पर खुलासा कर दिया था। भारत सरकार द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में बाकायदा ऐलान किया गया था कि भारत द्वारा न्यूक्लियर अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग तभी किया जाएगा, जब भारत पर न्यूक्लियर आक्रमण अंजाम दिया जाएगा। भारत अपनी तरफ से प्रथमतः न्यूक्लियर अस्त्रों का कदाचित इस्तेमाल नहीं करेगा। भारत आज 2003 में उद्घोषित की गई, अपनी परमाणु सैन्य सुरक्षा रणनीति पर बाकायदा कायम है। भारत द्वारा परमाणु अस्त्र-शस्त्रों की सैन्य मोर्चे पर तैनाती के निर्णय ने वस्तुतः सारी दुनिया को अचंभित किया है। क्योंकि भारत को विश्व पटल पर शांति का मसीहा और बुद्ध और गांधी का देश स्वीकार किया जाता है।

**खास बातें**

- वर्तमान बजट में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए केवल 93 बिलियन डॉलर रखे गए
- भारत ने सन् 2003 में घोषित की थी अपनी परमाणु सैन्य रणनीति
- प्रथमतः न्यूक्लियर अस्त्रों का कदाचित इस्तेमाल नहीं करेगा देश
- अब पाक के साथ चीन का इलाका भी भारतीय परमाणु बमों की रेंज में आया

## अपनी घोषित नीति पर अडिग

अन्याय पूर्ण हिंसक आक्रमण का जवाब न्यायपूर्ण प्रतिहिंसक कार्यवाही द्वारा प्रदान करने का सैद्धांतिक आधार महात्मा बुद्ध द्वारा ही प्रतिपादित किया गया था और महात्मा गांधी द्वारा भी कायरता और हिंसा के मध्य विकल्प चुनने की स्थिति में हिंसा को ही विकल्प चुनने के लिए कहा था। न्यूक्लियर अस्त्र शस्त्रों की सैन्य मोर्चे पर तैनाती के बावजूद न्यूक्लियर बम द्वारा पहले इस्तेमाल करके प्रहार न करने की अपनी घोषित नीति पर भारत सदैव डटा रहेगा। अतः यह कहना एकदम अनुचित होगा कि भारत ने अपनी सुरक्षा सैन्य रणनीति में कोई बुनियादी बदलाव अंजाम दिया है। भारत की परमाणु बमों से लैस पनडुब्बियां क्रमशः आईएनएस अरिहंत, आईएनएस अरिघात और आईएनएस अरिदमन हैं, जो कि हिंद महासागर में तैनात कर दी गई। परमाणु अस्त्र शस्त्रों के जो आंकड़े विश्व पटल पर उपलब्ध हैं, उनके मुताबिक विश्व के परमाणु बमों से लैस देशों के पास कुल मिलाकर 12187 परमाणु बमों का जखीरा विद्यमान हैं।

## हमारे पास 190 परमाणु बम

परमाणु बमों की संख्या में से तकरीबन 4012 सैन्य मोर्चेबंदी पर तैनात किए गए हैं। तकरीबन 2200 परमाणु बमों को हाई रेंज बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ सन्नद करके हाई अलर्ट पर रखा गया है, ताकि उनको किसी भी वक्त दागा जा सके। रूस के पास अनुमानित तौर पर 6700 परमाणु बम हैं। अमेरिका के पास अनुमानित तौर से 5500 परमाणु बम हैं। चीन के पास अनुमानित रूप से तकरीबन 685 परमाणु बम हैं। भारत के पास केवल 190 परमाणु बम हैं और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु बम हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा बजट पर सबसे अधिक खर्च अमेरिका करता है जो कि 954 बिलियन डॉलर है। भारत द्वारा वर्तमान बजट में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए केवल 93 बिलियन डॉलर रखे गए हैं। परमाणु संपन्न देश बनने के लिए भारत की ऐतिहासिक यात्रा अत्यंत दुश्वार और कठिनाइयों से परिपूर्ण रही है। विश्व पटल पर सबसे पहला परमाणु बम अमेरिका द्वारा वैज्ञानिक ओपनहाइमर के निर्देशन में निर्मित किया गया था। भारत को परमाणु संपन्न देश बनने की राह में सबसे अधिक रुकावट अमेरिका द्वारा ही उत्पन्न की गई थी। जबकि पाकिस्तान को परमाणु संपन्न देश बनाने में सबसे अधिक मदद भी अमेरिका द्वारा की गई। चीन द्वारा जब सन् 1964 में कामयाब परमाणु परीक्षण करके परमाणु बम निर्मित कर लिए गए तो फिर भारत ने भी परमाणु संपन्न देश बनने की दिशा में सोचना प्रारंभ किया।

## पाकिस्तान को बड़ा पैगाम

भारत द्वारा फिलहाल 12 परमाणु बमों की राष्ट्रीय सुरक्षा मोर्चे पर तैनाती वस्तुतः पाकिस्तान को सबसे बड़ा पैगाम है, क्योंकि पाकिस्तान प्रायः भारत को परमाणु बम आक्रमण की धमकियां दिया कर है। लॉन्ग रेंज बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ परमाणु बम को सन्नद करने का भारतीय निर्णय यकीनन विस्तारवादी चीन को भी एक स्पष्ट पैगाम है। अब चीन का हर इलाका भारतीय परमाणु बमों की रेंज में आ गया है। अपनी ऐतिहासिक परंपराओं का निर्वाह करते हुए, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति कदापि आक्रमणकारी नहीं होगी, किंतु अपनी राष्ट्रीय रक्षात्मक रणनीति के तहत परमाणु बम का इस्तेमाल करने में जरा भी संकोच नहीं करेगी।

# प्रारंभ हुई 'मेक इन इंडिया' की उपलब्धि



सफलता
योगेश कुमार सोनी
वरिष्ठ पत्रकार

गुजरात के वडोदरा में भारत के रक्षा निर्माण क्षेत्र ने एक नए इतिहास की रचना की है। भारत में निर्मित सी-295 सैन्य परिवहन विमान सफलतापूर्वक अपनी पहली परीक्षण उड़ान पूरी कर चुका है। यह विमान गुजरात के वडोदरा स्थित फाइनल असेंबली लाइन से उड़ान भरकर 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन गया है। टाटा और एयरबस की साझेदारी से बने इस प्रोजेक्ट में 56 विमान बनाए जाएंगे। मेक इन इंडिया की शुरुआत 25 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। इसके अंतर्गत वर्तमान में यह योजना 27 प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, लेकिन विमान के क्षेत्र में यह पहली बार हुआ और सरकार इसको अपना सबसे बड़ा प्रोडक्ट बताने में सार्थक हुई। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि यदि सरकार का यह कदम सार्थक सिद्ध हो गया तो निश्चित तौर पर विश्व पटल पर भारत की उपस्थिति बड़े स्तर पर दर्ज हो जाएगी, लेकिन सवाल यही है कि क्या एक परीक्षण से इसको सफल मान लिया जाए या अभी और प्रतीक्षा करनी चाहिए। हालांकि संबंधित अधिकारियों के अनुसार यह हर तकनीकी पहलू में पास हो चुका है, तभी इसकी सफलतापूर्वक उड़ान हुई है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि इस सफल परीक्षण उड़ान के बाद यह कार्यक्रम अब अपने अगले चरण में पहुंच गया है और उम्मीद है कि इसी साल भारतीय वायुसेना को भारत में बना पहला सी-295 विमान सौंप दिया जाएगा। भारतीय वायुसेना वर्तमान में मुख्य रूप से यूक्रेन, रूस, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, और स्वदेशी रूप से भारत में निर्मित विमानों और हेलीकॉप्टरों का उपयोग करती है, जो सभी एक विशेष विमान हैं और इस श्रृंखला में सी-295 भी शामिल होने जा रहा है। यह पूरा कार्यक्रम करीब इक्कीस हजार करोड़ रुपये का है, जिसके तहत कुल सी-295 विमान भारत में बनाए जाएंगे। यह विमान भारतीय वायुसेना के पुराने एवीआरओ-748 विमानों की जगह लेंगे, जो 1960 के दशक से सेवा में हैं। यदि यह विमान संपूर्ण रूप से वर्चस्व में आ जाता है तो देश को सालाना कई अरबों का फायदा हो सकता है। चूंकि इस तरह के विमानों को हम विदेशों से ही खरीदते हैं, जिससे कई अरब रुपये बाहर चला जाता है। यदि यही पैसा देश में रहता है तो हमारी अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत होगी। यदि भारत में विमानों के पार्ट्स अपने वाहनों के अलावा बनाने के लिए बाहरी देशों में बेचें जाए तो इससे भी भारत को आर्थिक तौर पर मजबूती मिलेगी। जैसा कि बताया जा रहा है कि नया सी-295 विमान अधिक दूरी तक उड़ान भरने की क्षमता, ज्यादा भार वहन करने की क्षमता और आधुनिक तकनीकी एवं ऑपरेशनल सिस्टम से लैस है। इससे यह पहले से अधिक सक्षम और प्रभवी माना जा रहा है। इसमें 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य भारत में ही किया जा रहा है और करीब 37 भारतीय कंपनिया इस सप्लाई चेन का हिस्सा हैं। यदि 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण करने में सार्थक हो चुके और सभी संबंधित कंपनियां भारतीय हैं तो सफलता का स्तर बहुत बड़ा व सक्षम भविष्य के लिए अच्छा संकेत हैं। वैसे तो बीते कई वर्षों से हम बहुत सारी ऐसी चीजों का निर्माण कर रहे हैं जिससे बाहरी आत्मनिर्भरता धीरे-धीरे खत्म हो रही है। यदि इस विमान के क्षेत्रों में हम संपूर्ण सफलता पा लेते हैं तो यह वाकई नए भारत की नई तस्वीर बन जाएगी। वैसे सी-295 फॉर्मेट पहले से कई देशों में इस्तेमाल हो रहा है। यह विमान सैनिकों और सामान की ढुलाई, मेडिकल इवैक्यूएशन, निगरानी और टोही मिशन के साथ-साथ आपदा राहत और मानवीय सहायता जैसे कार्यों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी विश्वसनीयता और उपयोगिता इसे आधुनिक सैन्य जरूरतों के लिए बेहद उपयोगी बनाती है। इस विमान का फॉर्मेट वैसे तो अपने अपने देश में बनाया हुआ कामयाब है, लेकिन अब भारत की बारी है। इस बार इस विमान को विशेष बनाने के लिए इसे खराब मौसम बचाव, दुर्गम क्षेत्रों (जैसे हिमालय और नॉर्थ-ईस्ट) और छोटी या कच्ची हवाई पट्टियों से आसानी से संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे यह विषम परिस्थिति में क्षतिग्रस्त व प्रभावित न हो। इस विमान को लेकर भारत सरकार व नागरिकों में एक अद्भुत व सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। जहां दशक भर विपक्ष 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को लेकर तंज कसता रहा, वहीं सत्ता पक्ष इस प्रोजेक्ट से मुंहतोड़ जवाब देने की बात कर रहा है। लेकिन हमें यह समझना चाहिए कि देश की प्रगति करना किसी भी सरकार का धर्म, फर्ज व कर्तव्य माना जाता है। इसमें न तो विपक्ष सरकार को नीचा दिखाने की कोशिश करे और न ही सरकार इसमें अपने आप शाबाशी ले। आज भारत जैसे देश को हर स्थिति में अपनी सुरक्षा मजबूत करने की अनिवार्यता है। बहरहाल सी-295 के सफल परीक्षण के बाद अब बाकी विमानों की भी प्रतीक्षा रहेगी।

**नया सी-295 विमान अधिक दूरी तक उड़ान भरने, ज्यादा भार वहन करने की क्षमता और आधुनिक तकनीकी एवं ऑपरेशनल सिस्टम से लैस है। इससे यह पहले से अधिक सक्षम और प्रभावी माना जा रहा है। इसमें 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य भारत में ही किया जा रहा है।**

# रक्षा निर्माण क्षमता में आएगी आत्मनिर्भरता



क्षमता
अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

इस सूचना से निश्चय ही पूरे देश का आत्मविश्वास बढ़ा होगा कि भारत महत्वाकांक्षी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान स्टील्थ फाइटर जेट एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट या एएमसीए का स्वयं निर्माण करने जा रहा है। इसमें भी महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकारी विमान निर्माता कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की जगह तीन निजी कंपनियों, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, एलएंडटी- बीईएल-डायनामेटिक कंसोर्टियम और भारत फोर्ज-बीईएमएल-डेटा पैटर्न्स कंसोर्टियम को चुना गया है। सरकार की घोषणा के साथ अलग-अलग तरह की टिप्पणियां आ रहीं हैं। 15,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना के तहत चुनी गई प्राइवेट कंपनी आंध्र प्रदेश में एक नई ग्रीनफील्ड सुविधा केंद्र स्थापित करेगी।

इस केंद्र में एएमसीए के पांच प्रोटोटाइप तैयार किए जाएंगे। ये निजी कंपनियां रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) के साथ मिलकर काम करेंगी। पूरी परियोजना आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में 650 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही नई सुविधा में किया जाएगा। सरकार ने चुनी गई कंपनियों को पहला प्रोटोटाइप तैयार करने के लिए 30 महीने की समय सीमा दी है। कहने की आवश्यकता नहीं कि यह देश का पहला स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान होगा। यह रक्षा निर्माण क्षमता में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की दृष्टि से अब तक का सबसे बड़ा कदम है। जैसा हम जानते हैं कि भारत को अमेरिका और रूस ने एफ-35 और सुखोई-57 विमान देने का ऑफर दिया था, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने घरेलू स्तर पर इसे तैयार करने की ओर कदम बढ़ाया है तो इसका अर्थ है कि पिछले कुछ वर्षों में रक्षा उत्पादन निर्माण एवं निर्यात के क्षेत्र में प्रगति के कारण हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है। अभी तक की योजना के अनुसार पहला प्रोटोटाइप 2028 से 2032 के बीच उड़ान भर सकता है, जबकि बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू होने के बाद विमान 2035 के बाद भारतीय वायुसेना में शामिल हो सकता है। पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान भारत में निजी क्षेत्र की कंपनियों की भागीदारी से निर्मित होगा, इसकी पहले कल्पना नहीं की जा सकती थी। इससे रक्षा क्षेत्र में निजी भागीदारी के एक ऐसे दौर की शुरुआत होगी, जो हम अमेरिका, यूरोप और अन्य विकसित देशों में देखते हैं। भारतीय वायुसेना अभी मुख्य रूप से चौथी और 4.5 पीढ़ी के विमानों पर निर्भर है। दूसरी ओर चीन पहले से ही एडवांस स्टेल्थ कॉम्बैट फाइटर का इस्तेमाल कर रहा है और उसने 6वीं पीढ़ी के प्रोटोटाइप जैसे चेंगदू जे-36 और शेनयांग जे-50 भी पेश किए हैं। समाचार यह भी है कि पाकिस्तान आने वाले सालों में चीन के जे-35ए स्टेल्थ फाइटर जेट को अपनी वायुसेना में शामिल कर सकता है। भारत के पास उनके समानांतर स्वयं को सशक्त करने के लिए एक रास्ता बाहर से खरीद का भी था, किंतु जब हम रक्षा बाजार में स्वयं आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर काम कर रहे हैं, उसमें सफलताएं मिल रही हैं, हमारे वैज्ञानिक तकनीशियन और निजी क्षेत्र भी अपनी उपयोगिता साबित करने का संकेत दे रहे हैं तो फिर हमें स्वयं स्वदेशी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना चाहिए। एचएएल जैसी सार्वजनिक कंपनी पर सारी जिम्मेदारी छोड़कर हम विश्व की रक्षा प्रतिस्पर्धा में खड़ा नहीं हो सकते। निजी क्षेत्र की कंपनियों को आगे लाना और सरकारी कंपनियों के साथ उनकी साझेदारी सबसे व्यावहारिक और उपयुक्त रास्ता है। मुख्य बात कुशलतापूर्वक योजना बनाने और उसके पहले ठोस आधारभूमि तैयार कर लेने में है। कहा जा सकता है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत का रक्षा उत्पादन डेढ़ लाख करोड़ हो जाएगा तथा यह रक्षा क्षेत्र में निर्यात भी कर सकेगा, इसकी कल्पना पहले नहीं की जा सकती थी। भारत के कुछ ब्रांड ने तो दुनिया में स्थान बनाना आरंभ कर दिया है। ये हैं ब्रह्मोस , पिनाका, आकाश मिसाइलें, स्वाति रडार और 155 एम एडवांस्ड टावर आर्टिरीगंज यानी एटीएजीएस। इन्हें अर्मेनिया से लेकर फिलीपींस तक कई देशों ने अपनी रक्षा प्रणाली में शामिल किया है। इन्हीं आधारों पर भारत ने 2030 तक 50 हजार करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है। इसलिए उम्मीद रखनी चाहिए कि नियत समय पर हम पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एएमसीए तैयार कर वायु सेना को सौंपने तथा आगे लड़ाकू विमान के रक्षा बाजार में भी उतरने की क्षमता हासिल कर सकेंगे।




**भारत ने 2030 तक 50 हजार करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है। इसलिए उम्मीद रखनी चाहिए कि नियत समय पर हम पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एएमसीए तैयार कर वायु सेना को सौंपने तथा आगे लड़ाकू विमान के रक्षा बाजार में भी उतरने की क्षमता हासिल कर सकेंगे।**

# अर्थव्यवस्था-कूटनीति को साधने का उपकरण



रक्षा निर्यात
डॉ. एन. के. सोमानी
वरिष्ठ स्तंभकार

एक समय वह था, जब भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए बाहरी देशों पर निर्भर हुआ करता था। सैन्य साजो-सामान व भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सेना विदेशी मुल्कों में निर्मित उपकरणों पर निर्भर रहती थी। आज उच्च तकनीकी विकास, 'आत्म निर्भर भारत' व 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों ने स्थिति को पूरी तरह पलट दिया है। हथियारों व सैन्य उपकरणों के लिए बाहरी राष्ट्रों पर निर्भर रहने वाला भारत आज हथियार बाजार का एक बड़ा खिलाड़ी बन गया है। आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात सर्वकालिक उच्च स्तर 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपये से 14,802 करोड़ रुपये (62.66 प्रतिशत) अधिक है। अब सरकार ने 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये का रक्षा उत्पादन और 50 हजार करोड़ रूपये का रक्षा निर्यात हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

साल 2024-25 में रक्षा उत्पादन एक लाख 54 हजार करोड़ रुपये था। दरअसल साल 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार ने घरेलू रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने व देश को रक्षा क्षेत्र में निर्यातक (आपूर्तिकर्ता) राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने का रोडमैप तैयार किया। रोडमैप मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान शुरू किए गए 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के जरिए धरातल पर उतरता दिखाई दिया। रक्षा बाजार में भारत का दबदबा कायम करने के लिए सरकार ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान जैसे बड़े कदम उठाए। इसके अलावा रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को बढ़ाकर 74 प्रतिशत तक कर दिया गया । इसका परिणाम यह हुआ कि रक्षा क्षेत्र में विदेशी कंपनियों के आने से देश में अनुसंधान और विकास में सुधार हुआ और वैश्विक स्तर पर भारत की विश्वसनियता बढ़ी। सरकार के इन नीतिगत प्रयासों के परिणामस्वरूप रक्षा उपकरणों का आयात घटा और निर्यात को बढ़ावा मिला।

इन नीतिगत परिवर्तनों के चलते रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भारत का दबदबा कायम हुआ। सरकार ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए कई रक्षा वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाए । इससे देश के भीतर न केवल रक्षा उपकरणों के निर्माण में तेजी आई बल्कि रणनीतिक रूप से भी भारत मजबूत हुआ। नई उभरती शक्तियां जो पश्चिमी देशों या अन्य महाशक्तियों पर अपनी निर्भरता कम करना चाहती थी उनके लिए भारत एक सस्ता और विश्वसनीय विकल्प बनकर उभरा है। इसका एक फायदा यह हुआ कि सहयोगी देशों को रक्षा साजो-सामान और प्रशिक्षण देकर हिंद प्रशात क्षेत्र और अन्य जगहों पर भारत ने अपने सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाया। 80 से अधिक देशों को हथियार और रक्षा सामग्री का निर्यात कर रहा है। पहले रक्षा उपकरण बनाने का काम केवल सरकारी कंपनियों तक ही सीमित था। जब सरकार ने निजी कंपनियों के लिए रक्षा उद्योग के द्वार खोले, उसके बाद टाटा एडवांस्ट सिस्टम्स (टीएएसएल), लार्सन एंड टुब्रो डिफेंस (एलएंडटी), महिंद्रा डिफेंस सिस्टम, अदानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस, एमएसएस डिफेंस, पारस डिफेंस और डेटा पैटर्न्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों की भागदीदारी बढ़ने के बाद रक्षा उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि हुई। निसंदेह रक्षा निर्यात में हुई इस ऐतिहासिक वृद्धि से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की कूटनीतिक साख बढ़ी है। कुल मिलाकर कहा जाए तो भारत का रक्षा क्षेत्र एक नए युग में प्रवेश कर रहा है।

डोकलाम विवाद और ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन और पाकिस्तान भारत को अलग-अलग मोर्चो पर घेरने की कोशिशों में जुटे हैं। सीमावर्ती राज्यों में कई चरमपंथी संगठन सक्रिय हैं। ऐसे में भारत ने भी दुनिया के दूसरे देशों की तरह सेना के आधुनिकीकरण और परंरागत सशस्त्रों के बजाए भविष्य की टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखते हुए निवेश करने की जो योजना शुरू की है, निसंदेह भविष्य में उसके परिणाम सकारात्मक देखने को मिलेंगे। हालांकि रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भारत वैश्विक मंच पर एक महाशक्ति के रूप में स्थापित होने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है, लेकिन अभी भी भारत को एक लंबा सफर तय करना है। आंकड़े बताते हैं कि सफर लंबा जरूर है, लेकिन मुश्किल नहीं है।



**भारत ने भी दुनिया के दूसरे देशों की तरह सेना के आधुनिकीकरण और परंरागत सशस्त्रों के बजाए भविष्य की टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखते हुए निवेश करने की जो योजना शुरू की है, निश्चित रूप से भविष्य में उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।**

## संक्षेप

### पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**गौरीगंज टोल प्लाजा पर ब्रेथ एनालाइजर से जांच, नशे में गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई**

अमेठी ,पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से देर रात एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर यह अभियान गौरीगंज टोल प्लाजा पर केंद्रित था, जहां ब्रेथ एनालाइजर मशीन का उपयोग कर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की गई।इस सघन वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक, भारी वाणिज्यिक वाहन , स्लीपर बसें, ईको कैब और अन्य वाहनों की जांच की गई। अभियान का मुख्य लक्ष्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों, विशेषकर नशे की हालत में गाड़ी चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करना था।यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश के निदेशों के तहत चलाए गए इस अभियान में प्रभारी यातायात शोभनाथ की टीम भी शामिल थी। शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से गाड़ी चलाने, सीट बेल्ट न लगाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। उन्हें निर्धारित गति सीमा का पालन करने, हमेशा सीट बेल्ट लगाने और शराब पीकर वाहन न चलाने की सलाह दी गई। पुलिस अधीक्षक अमेठी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

### ट्रक-बाइक टक्कर, दो युवक गंभीर घायल

**जिला अस्पताल से रायबरेली एम्स रेफर, हालत नाजुक**

अमेठी ,शनिवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रायबरेली एम्स रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।यह घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के जामो रोड स्थित मऊ गांव के पास हुई। एक अपाचे बाइक को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायल युवकों को जिला अस्पताल पहुंचाया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें रायबरेली एम्स रेफर कर दिया।

### जेसीबी से आधा अतिक्रमण हटा

**पशुचर भूमि पर राजस्व विभाग की कार्रवाई जारी**

अमेठी , तहसील तिलोई के ग्राम चिलौली में ग्राम सभा की पशुचर भूमि पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ राजस्व विभाग की कार्रवाई जारी है। तहसीलदार न्यायिक के आदेश पर प्रशासन ने जेसीबी मशीन की मदद से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया।राजस्व अभिलेखों के अनुसार, गाटा संख्या 728क की 0.025 हेक्टेयर पशुचर भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। न्यायालय ने इस संबंध में बेदखली और क्षतिपूर्ति का आदेश पारित किया था, जिसके बाद यह प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है।

# मलमास के अंतिम मंगलवार पर विशाल भंडारे का भव्य आयोजन

**पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रैखवार के आयोजन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। मलमास माह के अंतिम मंगलवार के पावन अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बहराइच विजय कुमार सिंह रैखवार द्वारा विशाल भंडारे एवं धार्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा तथा जयकारों से वातावरण गूंज उठा।



### पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने किया शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ किया गया। पूजा के उपरांत भंडारे में प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ, जहां श्रद्धालुओं को व्यवस्थित ढंग से प्रसाद वितरित किया गया।

### धार्मिक आस्था और सेवा भावना का दिखा अद्भुत संगम

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रैखवार ने बताया कि मलमास माह का विशेष धार्मिक महत्व होता है और इस अवसर पर भंडारे का आयोजन कर जनसेवा करना पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और धार्मिक आस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है।

### भाजपा कार्यकताओं सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर शशत्रण सिंह एडवोकेट, परफुल्ल राज सिंह, अशुतोष महाराज वीटा नौगहिया, धर्मेंद्र प्रधान, सभासद हीरालाल मौर्य कैसरगंज सहित भारतीय जनता पार्टी के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के सम्मानित लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, व्यवस्था रही सुचारु

भंडारे में महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। आयोजन समिति द्वारा बैठने, पेयजल एवं प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहे।

# महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने प्रधानों को सौंपा प्रशासक पत्र

अमन लेखनी समाचार



बहराइच।विकास खंड तेजवापुर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन कल्याण एवं स्वास्थ्य मेले का मंगलवार को समापन हो गया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने महसी विधानसभा के चार विकास खंडों तेजवापुर, महसी, शिवपुर एवं फखरपुर के ग्राम प्रधानों को प्रशासक पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेले में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पंचायती राज, बाल विकास तथा अन्य विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए थे।विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही विभिन्न सेवाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों की जांच एवं परामर्श की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय, दिवाकर पांडेय, बीडीओ प्रतीक,मंडल अध्यक्ष विद्याधर वाजपेयी, धर्मेंद्र शुक्ला, संजय त्रिवेदी, रामनिवास जायसवाल, एडीओ आरडी सौरभ सिंह, पीपी सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रमोद त्रिवेदी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्राम प्रधान, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए महासंघ प्रतिबद्ध : आनन्द मोहन

**सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ सड़कों पर उतरेगा शैक्षिक महासंघ**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक पात्रता परीक्षा लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर इसकी अनिवार्यता लागू किए जाने का विरोध तेज हो गया है।अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने ऐसे शिक्षकों को विधि और नीतिगत सेवा संरक्षण दिलाने के लिए देशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है इसके तहत 18 जून को देशव्यापी ( सभी जिला मुख्यालय) पर प्रदर्शन कर विधायी संशोधन करके देश के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा करने हेतु जिला अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा माननीय मुख्यमंत्री जी कों भेजेगा ज्ञापन।इसी क्रम में मंगलवार कों राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र नें जानकारी देते हुए बताया कि, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद वर्ष 2010 से पूर्व व उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के हितों की एवं उनकी सेवा सुरक्षा तथा आजीविका की रक्षा के लिए कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि, राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लाखों शिक्षकों एवं उनके परिवारों की चिंता को देखते हुए केंद्र सरकार संवेदनशीलता एवं दूरदर्शिता का परिचय देगी तथा शिक्षकों में व्याप्त असमंजस, असुरक्षा एवं पीड़ा की स्थिति से समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाएंगी।उन्होंने कहा कि, महासंघ ने सदैव शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक एवं संगठनात्मक तरीके से संघर्ष किया है ।जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, जिला महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी सहित सभी जनपदीय पदाधिकारियों ने उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाओं से ज्ञापन प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# साधु-संतों का किया सम्मान, वितरित हुआ प्रसाद

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। चरदा क्षेत्र स्थित बाबा ब्रिक फील्ड परिसर में मंगलवार को आयोजित विशाल भंडारे में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की अनूठी झलक देखने को मिली। भट्ठा संचालक तौफीक अहमद और लीला सिंह की ओर से आयोजित भंडारे में क्षेत्र के दर्जनो साधु-संतों समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।भंडारे में साधु-संतों को सम्मानपूर्वक छोला-चावल का प्रसाद परोसा गया। वहीं श्रद्धालुओं के लिए देसी घी से तैयार 101 किलो बूंदी की व्यवस्था की गई थी। कालियापुरवा, दजीगांव, बरवलिया, गंगापुर, पुजारी गांव, महराजनगर, निरहुगांव समेत आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।आयोजन के दौरान तौफीक अहमद और लीला सिंह स्वयं व्यवस्थाओं में जुटे रहे। दोनों ने साधु-संतों और श्रद्धालुओं का स्वागत कर उन्हें आदरपूर्वक प्रसाद वितरित कराया। भंडारे में पहुंचे लोगों ने आयोजकों के सेवा भाव और सौहार्दपूर्ण सोच की सराहना की।ग्रामीणों का कहना था कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। पूरे दिन चले भंडारे में श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। भक्ति और सेवा भाव से ओत-प्रोत इस आयोजन की क्षेत्रभर में चर्चा रही। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों और भट्ठा कर्मियों का भी सराहनीय योगदान रहा।



# बिजली विभाग पर मुकदमा दर्ज

**3 साल पहले हाईटेंशन लाइन से युवक की मौत का मामला, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर बिजली विभाग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।यह कार्रवाई लगभग तीन साल पहले 11000 ङश हाईवोल्टेज लाइन की चपेट में आने से एक युवक की मौत के मामले में की गई है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर सुनवाई न होने के बाद महिला ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। यह घटना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम अशोकनगर (अमली वीरन) की है।2 अगस्त 2023 की रात तेज आंधी और बारिश के कारण गांव के पास से गुजर रही 11000 ङश की बिजली लाइन का तार ढीला होकर नीचे लटक गया था। ग्रामीणों और पीड़ित परिवार ने उसी दिन बिजली विभाग को इसकी सूचना दी थी, लेकिन आरोप है कि विभाग का कोई कर्मचारी इसे ठीक करने नहीं पहुंचा।अगले दिन, 3 अगस्त 2023 की रात लगभग 8 बजे, गांव निवासी अंजनी कुमार मौर्य (पुत्र रामकिशोर मौर्य) घर से बाहर जा रहे थे। अंधेरे में वे लटकते हुए हाईवोल्टेज तार की चपेट में आ गए। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल सुल्तानपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भी कराया था।मृतक की 25 वर्षीय पत्नी दुर्गा मौर्य ने पति के अंतिम संस्कार के बाद न्याय के लिए गुहार लगाई।



# कई कांग्रेस नेता किये गए हाउस अरेस्ट

**देर रात पुलिस पहुंची, नीट पेपरलीक पर विधानसभा घेराव की तैयारी**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी ,नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस की एनएसयूआई विंग द्वारा प्रस्तावित विधानसभा घेराव से पहले कई कांग्रेसी नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। अमेठी पुलिस ने देर रात यह कार्रवाई की।पुलिस देर रात कांग्रेस नेताओं के घरों पर पहुंची। इनमें यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम सिंह समेत कई अन्य कांग्रेसी नेता शामिल हैं, जिन्हें हाउस अरेस्ट किया गया। बताया गया है कि ये सभी नेता नीट पेपर लीक के खिलाफ विधानसभा का घेराव करने के लिए लखनऊ जाने वाले थे। यह घेराव एनएसयूआई द्वारा आयोजित किया जाना था।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें हाउस अरेस्ट करने का कोई उचित कारण नहीं बताया गया। उन्होंने इसे छात्रों और युवाओं की आवाज दबाने का प्रयास बताया।हाउस अरेस्ट किए गए नेताओं में कांग्रेस नेता प्रांजल तिवारी, राजू ओझा और हनुमत विश्वकर्मा भी शामिल हैं। इमरान ने 2 जून को अपने दो साथियों के साथ मिलकर गांव के ही रहने वाले आकाश के घर में उसकी पत्नी को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के 48 घंटे के भीतर पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले इमरान के दो साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि इमरान फरार चल रहा था।इन सभी को उनके घरों में ही रोक दिया गया है। कांग्रेस ने कहा है कि वे इस कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं और अन्याय के खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहेगा।



# 'मां, अगली बार शादी की बात पक्की करूंगा'

**अलीगढ़ में मां को नहीं दी खबर, असम विमान क्रैश में हुई थी बेटे की मौत**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़ , जितेंद्र शर्मा (31) ने मां से फोन पर ये आखिरी बात कही थी और जल्द घर आने का वादा किया था।जितेंद्र के बड़े भाई रामाकांत ने यह जानकारी दी।रामाकांत ने बताया- परिवार ने अभी तक मां को जितेंद्र की मौत की खबर नहीं दी है।उन्हें डर है कि मां यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाएंगी।' दरअसल, सुबह करीब 10 बजे भारतीय वायुसेना का अठ-32 परिवहन विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।हादसे में एयरफोर्स के सार्जेंट जितेंद्र शर्मा समेत 5 जवानों की मौत हो गई थी।





### 9 दिन पहले घर से वापस ड्यूटी पर गए थे जितेंद्र

अलीगढ़ के टप्पल इलाके के सालपुर गांव के रहने वाले जितेंद्र शर्मा 7 भाई-बहनों में सबसे छोटे थे।उनके पिता करुआ शर्मा का 12 साल पहले निधन हो गया था। इसके बाद मां राजेश्वरी देवी ने सभी बच्चों का पालन-पोषण किया। 1 जनवरी, 2015 को जितेंद्र का भारतीय वायुसेना में सिलेक्शन हुआ था। उन्होंने 11 साल तक देश सेवा की।भाई रमाकांत ने बताया- जितेंद्र हाल ही में छुट्टी लेकर गांव आए थे। 5 जून, यानी 9 दिन पहले, ड्यूटी पर वापस गए थे। दोपहर बड़ी बहन समता देवी टीवी पर असम में वायुसेना के विमान हादसे की खबर देख रही थीं। खबर देखते ही एक बहन अनहोनी की आशंका से घबरा गईं। उन्होंने मुझे फोन कर जितेंद्र से संपर्क करने को कहा। कई बार फोन मिलाने पर भी संपर्क नहीं हुआ तो धड़कनें और बढ़ गईं। इसी बीच वायुसेना के एक अधिकारी का फोन आया और उन्होंने जितेंद्र की शहादत की पुष्टि कर दी।

### भाई को दूल्हा देखने का सपना रह गया अधूरा

भाई ने बताया- अलीगढ़ की ही एक युवती से जितेंद्र की शादी की बात चल रही थी, जो चंडीगढ़ में प्रोफेसर हैं।एएमयू की छात्रा रह चुकी हैं।हम लोगों ने लड़की भी देख ली थी।जितेंद्र ने शादी के लिए हां कर दी थी। पूरे परिवार में उत्साह था।

# अंतरजनपदीय चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

**16 लाख के जेवरात, नकदी चोरी का खुलासा; पुलिस को 25 हजार का इनाम**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर ,पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। कुड़वार पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने 14 जून को फिरोजपुर कलां तिराहा, थाना कुड़वार से एक अंतरजनपदीय चोर गिरोह के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया।यह कार्रवाई मुखबिर की सटीक सूचना पर की गई। आरोपियों के पास से 2.5 लाख से अधिक कैश व 16 लाख के ऊपर के जेवरात बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में चोरी का माल बरामद किया गया है। इस सफलता के लिए पुलिस टीम को 25,000 रुपये का इनाम भी दिया गया है।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे चोरी करने से पहले लक्ष्य बनाए गए मकान की रेकी करते थे। कई दिनों तक आने-जाने के रास्तों और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की जाती थी। पकड़े जाने से बचने के लिए वे घटना के समय अपने मोबाइल फोन साथ नहीं रखते थे या उन्हें स्विच ऑफ करके दूर रख देते थे। वे घर के सदस्यों के सो रहे होने के बावजूद चोरी को अंजाम देते थे।चोरी किए गए चांदी के आभूषणों को बेचने और सोने-चांदी को गलाने में सुल्तानपुर के पंजाबी कॉलोनी निवासी जौहरी मनीष जायसवाल उनकी मदद करता था। मनीष जायसवाल चोरी के आभूषणों को बेचकर अपना हिस्सा लेता था और बाकी पैसे गिरोह में बांटता था। फिलहाल, मनीष जायसवाल कुछ चोरी के माल के साथ फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। सभी संबंधित मुकदमों में धाराओं की बढ़ोतरी की गई है।इस गिरोह की गिरफ्तारी से सुल्तानपुर जिले की कई बड़ी चोरियों का खुलासा हुआ है।



# परिवार पर हमले से 10 लोगों पर केस

**पुरानी रंजिश के चलते मारपीट, एक महिला अस्पताल में भर्ती**

अमन लेखनी समाचार





प्रतापगढ़ ,जनपद के मानिकपुर थाना क्षेत्र के हीरा का पुरवा दहेंगरी जमालपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर हमला किया गया।इस मामले में पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जबकि एक महिला घायल हुई है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना 6 दिसंबर 2025 की शाम की बताई जा रही है।पीड़ित वीरेन्द्र यादव ने न्यायालय में दायर वाद में आरोप लगाया कि 6 दिसंबर 2025 की शाम गांव के कुछ लोगों ने सार्वजनिक रास्ते पर पैरा और बल्लियां रखकर अवरोध पैदा किया था। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपी आक्रामक हो गए और गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया।वीरेन्द्र यादव के अनुसार, आरोपियों ने उन्हें और उनके भाइयों धर्मेन्द्र तथा महेन्द्र को लाठी-डंडों से पीटा। शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए पहुंचे उनके माता-पिता को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की।अस्पताल में भर्ती करायाआरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की, जिससे परिवार में दहशत फैल गई।इस घटना में एक महिला घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पीड़ित की शिकायत पर न्यायालय ने पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नन्हेंलाल यादव, राम अधार यादव, बैजनाथ यादव, कृष्णकांत यादव, सुरजीत यादव, रोहित यादव सहित कुल 10 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# दो पक्षों के बीच मारपीट

**पुरानी रंजिश को लेकर हमला, कई घायल, पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़, कुंडा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का मामला सामने आया है।इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी जा रही है।बताया जा रहा है कि यह वीडियो शाम का है।इस संबंध में ग्राम शेरगढ़ निवासी मोहम्मद इकबाल ने कोतवाली कुंडा पुलिस को एक प्रार्थना पत्र दिया है।इकबाल ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों ने न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी। मोहम्मद इकबाल ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।महिला ने कराया बीच-बचाव घटना के दौरान युवकों के साथ मौजूद एक महिला दोनों पक्षों के बीच विवाद शांत कराने का प्रयास करती नजर आई। इस बीच वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।भीड़ का फायदा उठाकर फरार हुए युवकहंगामे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि विवाद करने वाले युवक भीड़ का फायदा उठाकर वहां से निकल गए। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान करने में जुटी हुई है



## संक्षेप

### प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या

**खीर में मिलाकर नींद की गोली खिलाई, फिर गला दबाया; 15 साल पहले हुई थी शादी**

बागपत ,एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी।महिला ने पहले अपने पति को खीर में नींद की गोली मिलाकर खिला दी। उसके बाद पति के बेहोश होने पर प्रेमी को घर पर बुलाया।फिर दोनों ने पति का गला दबाकर उसको मार डाला हत्या करने के बाद आरोपी पत्नी ने पति की मौत का कारण हार्ट अटैक बता दिया और रोने लगी।हालांकि पोस्टमार्टम में मौत का कारण गला दबाना आया। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। घर के आसपास के सीसीटीवी चेक किए। जिसमें पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने जब पत्नी से युवक के बारे में पूछताछ की तो वो घबरा गई और सारा सच बता दिया प्रेमी की तलाश कर रही पुलिसये मामला बागपत के कोतवाली क्षेत्र के नौरोजपुर गुर्जर गांव का है।मरने वाले युवक का नाम सचिन था।आरोपी पत्नी का नाम रचना है। प्रेमी का नाम सोनू है। सचिन की हत्या रचना और सोनू ने शुक्रवार देर रात की थी। शनिवार सुबह परिवार के लोगों को रचना ने सचिन की मौत की जानकारी दी थी। रविवार को पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा किया है।पुलिस आरोपी प्रेमी की तलाश कर रही है सचिन और रचना के हैं 2 बच्चेबता दें, सचिन और रचना की शादी 15 साल पहले हुई थी। दोनों के 2 बच्चे (एक बेटा और 1 बेटी) है।रचना और सोनू की मुलाकात इंस्टाग्राम पर 11 महीने पहले हुई थी। सचिन को दोनों के अफेयर की जानकारी हो गई थी।वह इसका विरोध करता था।इसी वजह से दोनों ने उसकी हत्या कर दी। सोनू बागपत के रनछाड़ गांव का रहने वाला है। उसके और रचना के घर की दूरी 30 किलोमीटर है हम और सचिन मिलना चाहते थेङ्घपुलिस को रचना ने बताया, मैं और सोनू मिलने वाले थे। इस बात का पता सचिन को पता चल गया था।फोन पर मेरी सोनू से बात हुई।

### अवैध कॉलोनी पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

**बिना नक्शा पास कराए हो रहा था निर्माण, ध्वस्त किया गया**

बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों और कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ौत तहसील क्षेत्र में कार्रवाई की है। प्राधिकरण की टीम ने बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाकर निर्माण को ध्वस्त कर दिया प्राधिकरण को मिली सूचना और जांच के बाद पता चला कि बड़ौत निवासी अमर पाल द्वारा लगभग 1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बिना सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण कार्य किया जा रहा था। यह निर्माण उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 के प्रावधानों का उल्लंघन था प्राधिकरण ने सभी भू-स्वामियों, कॉलोनाइजरों और नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की कॉलोनी विकसित करने या भवन निर्माण शुरू करने से पहले प्राधिकरण से आवश्यक मानचित्र, ले-आउट स्वीकृति और अन्य अनुमतियां अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। बिना स्वीकृति के किया गया कोई भी विकास कार्य या निर्माण अवैध माना जाएगा ।और उसके खिलाफ अधिनियम, 1973 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी प्राधिकरण ने आम जनता और संभावित भू-क्रेताओं से भी अपील की है कि किसी भी भूखंड या प्लॉट को खरीदने से पहले संबंधित कॉलोनी और भूखंड की स्थिति प्राधिकरण से सत्यापित करा लें।

# विधायक ने नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन एवं नववधुओं की गोद भराई कर दी शुभकामनाएँ

**आवास लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं किसानों को किया गया बीज वितरण**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर।केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की लोगों को जानकारी देने एवं लाभान्वित करने के लिए विकासखंड मुख्यालय परिसर में खंड विकास अधिकारी सुरेश शिवहरे के नेतृत्व में आयोजित चार दिवसीय जागरूकता शिविर में स्वास्थ्य शिक्षा बाल विकास कृषि ग्रामीण भारत मिशन समेत विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ बिना किसी भेदभाव के लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है भाजपा सरकार अपराधियों एवं माफियाओ के काले साम्राज्य को नेस्तनाबूत करने के साथ ही सुशासन स्थापित कर महिलाओं समेत आम नागरिकों को सम्मान एवं सामाजिक सुरक्षा देने के लिए कृत संकल्पित है इस दौरान विधायक श्री पटेल ने दो नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन एवं दो नववधुओं की गोद भराई संस्कार संपन्न कराकर शुभकामनाएं दी तथा एक दर्जन आवास लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपने के साथ ही आधा सैकड़ा किसानों को निशुल्क बीज भी वितरित किया बाल विकास सुपरवाइजर पिंकी यादव शिक्षिका प्रतिमा उमराव एवं अन्य विभागीय कर्मियों ने संचालित योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी इस दौरान भाजपा जिला मंत्री संतोष गुप्ता मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी डॉ राम भक्त वर्मा रजत प्रताप रज्जन लाल त्रिवेदी रजत प्रताप डॉ पुष्पेंद्र सिंह सहायक विकास अधिकारी मुन्नालाल कृषि प्रभारी विनय शर्मा बालेंद्र सिंह रवींद्र सिंह आपूर्ति निरीक्षक बिंदकी सुरेश पटेल डॉ रचना विश्वकर्मा शिक्षिका प्रतिमा उमराव इला सिंह सुपरवाइजर पिंकी यादव सुरेंद्र वर्मा श्रीकांत उत्तम पप्पू सविता धर्मेंद्र नाथ मिश्रा अंकुर शुक्ला एवं आंगनवाड़ी आशा कर्मी समेत विभिन्न विभागीय कर्मी ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे

# अमौली चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

**आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की की गई अपील**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। मुस्लिम समुदाय के आगामी प्रमुख त्योहार मोहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने एवं लोगों को प्रशासनिक सेवाओं की जानकारी देने के लिए थाना इंचार्ज प्रमोद मौर्या की अध्यक्षता में कस्बा चौकी प्रभारी अविनाश मिश्रा के तत्वावधान में चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया थाना इंचार्ज एवं चौकी प्रभारी ने प्रशासनिक सेवाओं की जानकारी देने के साथ ही आगामी त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्वक मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी ने परंपरा की शुरूआत ना की जाए परंपरागत मार्गो से ही जुलूस निकाला जाए तथा जुलूस के दौरान चाकू छुरी तलवारों एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं का प्रदर्शन ना किया जाए बैठक के दौरान कई लोगों की शिकायतों का निस्तारण भी किया गया इस दौरान ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र सोनकर पूर्व प्रधान अनिल ओमर लव कुश सचान वीरेंद्र निषाद घसीटे प्रजापति सत्यनारायण पटेल राजू पप्पू सविता राजू सुरेश सिंह अरविंद उमराव इश्तियाक खान अशरफ खान विकास सचान अजय ओमर मोहित सोनी समेत क्षेत्रीय पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## खुल गए शिक्षण संस्थान रोली टीका के साथ बच्चों का हुआ स्वागत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। सरकार की मंशा के अनुरूप तथा फतेहपुर बेसिक शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश पर जनपद के सभी प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक परिषदीय विद्यालय खोले गए शिक्षण सत्र के प्रथम दिवस विद्यालय पहुंचे सभी छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिवार ने भव्य स्वागत किया जनपद के सभी विकासखंडों के शिक्षकों ने प्रथम दिवस बच्चों के साथ हर्षोल्लास मनाया जनपद के बहुआ विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बरौहा में एस आर जी राधेश्याम दीक्षित समेत सभी शिक्षकों ने शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस नवआगंतुक बच्चों का भव्य स्वागत किया ठीक उसी प्रकार अमौली विकासखंड अंतर्गत प्रदेश तथा देश में अपनी ख्याति स्थापित करने वाले प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर में प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार अवस्थी ने विद्यालय पहुंचे बच्चों का मुख्य द्वार पर रोली टीका लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी वहीं शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तारापुर नारायनपुर सरहन खुर्द कंपोजिट विद्यालय बंबुरिहापुर देवरी बुजुर्ग अमौली कुलखेड़ा न्योरी जलालपुर बुढ़वां नोनारा तथा जूनियर विद्यालय कापिल समेत सभी विद्यालयों में शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस शिक्षकों ने बच्चों को मिठाई खिलौने टॉफी बिस्कुट आदि देकर उत्साहवर्धन किया ठीक इसी प्रकार जनपद के देवमई विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में शिक्षिका कल्पना गौतम मलवां विकासखंड अंतर्गत पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला समेत सभी विद्यालयों में शिक्षकों ने शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस बच्चों के साथ हर्षोल्लास मनाया वही जनपद के कुछ क्षेत्रों में शिक्षकों ने भीषण गर्मी के चलते शिक्षण कार्य समय से पूर्व प्रारंभ कराने पर चिंता व्यक्त की जहां शिक्षकों ने बताया कि नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए विद्यालय शिक्षा सत्र से पूर्व ही तिथि निर्धारित करके प्रारंभ कर दिए गए वहीं वरिष्ठ कक्षाओं जैसे हाई स्कूल इंटरमीडिएट या अन्य कक्षाओं की तिथियां अभी तक निश्चित नहीं हुई भीषण गर्मी के चलते छोटे-छोटे बच्चों को राहत मिलनी चाहिए जबकि वरिष्ठ कक्षाओं की अपेक्षा छोटी कक्षाओं के बच्चों की कक्षाएं समय से पूर्व प्रारंभ करा दिया यह एक सोचनीय विषय है

# बिंदौर घाट यमुना नदी में डूबे दो बच्चे एक की हुई मौत दूसरे की खोजबीन जारी

**देर शाम तक लगे रहे गोताखोर निराशा लगी हाथ**

अमन लेखनी समाचार





अपहृत बालक प्रतीक पाण्डेय

जाफरगंज, फतेहपुर। जनपद के जाफरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंदौर यमुना घाट में नहाने गए दो बच्चे यमुना नदी की गहराइयों में चले गए जिसमें एक की मौत हो गई तथा दूसरे की खोजबीन जारी है मिली जानकारी के अनुसार जनपद के चांदपुर थाना कस्बे निवासी प्रमोद कुमार पाण्डेय का एकलौता पुत्र 11 वर्षीय प्रतीक पाण्डेय ग्रीष्म अवकाश मनाने के लिए अपने मौसी के घर जाफरगंज गया था जहां मौसी के बेटे को साथ लेकर दोनों कल मंगलवार को यमुना नदी नहाने पहुंच गए नदी में नहाते हुए पैर फिसलने पर दोनों बच्चे यमुना नदी की गहराइयों पर चले गए आसपास के लोगों ने देखा और शोर मचाया जहां मौजूद लोगों ने यमुना नदी में कूद कर ढूंढने का प्रयास किया तथा परिजनों को सूचना दी गई सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई जहां जाफरगंज थाना प्रभारी प्रमोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा खोजबीन प्रारंभ कराई वहीं देर शाम तक गोताखोर टीम का इंतजार सभी लोग करते रहे परंतु किसी कारणवश टीम नहीं पहुंच पाई ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक बच्चे जो जाफरगंज निवासी कल्लू का सुपुत्र था उसे बाहर निकाला बाहर निकाल कर देखा गया जहां बच्चे की मौत हो चुकी थी प्रशासन ने शव का पंचनामा करते हुए मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा वहीं दूसरे बच्चे की खोजबीन जारी है जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि देर शाम तक खोजबीन की गई कल गोताखोरों की टीम को बुलाकर पुनः खोजबीन की जाएगी

# अमौली के अवैध चल रहे विधि हॉस्पिटल को डिप्टी सीएमओ ने किया सीज



**शिवकुमार क्लिनिक रनूपुर को मिली नोटिस अधिकारियों के छापामारी से मचा हड़कंप**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। बिना पंजीकरण एवं अनधिकृत रूप से संचालित नर्सिंग होम एवं अन्य मेडिकल संस्थानों का का निरीक्षण एवं कार्रवाई करने के लिए डिप्टी सीएमओ डॉ इश्तियाक अहमद डिप्टी सीएमओ डॉ पीके सिंह ने सीएचसी अधीक्षक डॉ पुष्कर कटियार अनिकेत फैज मोहम्मद एवं स्वास्थ्य टीम के साथ कस्बे में संचालित विधि अस्पताल पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा पंजीकरण न होने एवं अवैध रूप से संचालन पर अस्पताल को चीज करने की कार्रवाई की वही ग्रामीण क्षेत्र के बिरनई गांव के पास संचालित शिवकुमार क्लिनिक की जांच पड़ताल कर नोटिस दी स्वास्थ्य टीम की छापामारी की सूचना मिलते ही अन्य मेडिकल संस्थानों में भी हड़कंप मच गया तथा कई संचालक तालाबंदी कर भाग खड़े हुए

# 'पौधे लगाकर उनकी देखभाल की भी जिम्मेदारी समझें'

**प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने अफसरों के साथ चौपाल पर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह गाजियाबाद दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और मुरादनगर ब्लॉक के अबूपुर स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित जन चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं जन चौपाल में ग्रामीणों ने सबसे अधिक अवैध फैक्ट्रियों से फैल रहे प्रदूषण, बिजली कटौती और स्थानीय समस्याओं को लेकर शिकायतें दर्ज कराईं। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### पौधे लगाएं तो उनकी देखभाल भी करें

कार्यक्रम के दौरान मंत्री धर्मपाल सिंह ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी जरूरी है, तभी पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य पूरा होगा प्रशासन की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रमप्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में भी जागरूक किया गया इस दौरान रविंद्र मांदड़ और राजकरन नैय्यर ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपनी समस्या रखने का अधिकार है और प्रशासन उनकी शिकायतों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। समेकित जनकल्याण एवं जनजागरण अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

### विभागों ने लगाए जनसेवा शिविर

ग्राम चौपाल के अवसर पर श्रम विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, नेडा, आयुष विभाग, जिला उद्योग केंद्र, जिला पूर्ति विभाग और शिक्षा विभाग सहित कई विभागों ने जनसेवा शिविर लगाए। इन शिविरों में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, पात्रता मानकों और लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया।

# प्रभारी मंत्री बोले- सपा ब्रांड फेल तो पीडीए ले आए

**मेरठ पहुंचे मंत्री असीम अरुण, केंद्र सरकार के 12 सालों के काम गिनाए**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार के 12साल पूरे होने पर मेरठ के प्रभारी मंत्री असीम अरुण जिले में पहुंचे।इस दौरान उन्होंने रजपुरा ब्लॉक में जनजागरुकता कार्यक्रमों में भाग लिया। पौधरोपण किया। साथ ही विकास भवन में सरकार के कामों को गिनाया उन्होंने सपा और विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि समाजवादी पार्टी एक ब्रांड थी।वो ब्रांड तो फेल हो गया तो दूसरा ब्रांड पीडीए ले आए। लेकिन वो भी टिक नहीं पाया।प्रेसवार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की पुस्तक का विमोचन किया।

### सरकार के कामों को बताया

असीम अरुण ने प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल के कार्यकाल को सेवा, सुरक्षा और विकास का काल बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सख्त नीतियों से देश की बाहरी और आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है, जिससे आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया है। प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा को सरकार की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले बार-बार होते थे और तत्कालीन सरकारें केवल कड़ी निंदा तक सीमित रह जाती थीं, लेकिन पिछले वर्षों में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक और प्रभावी कार्रवाई की है।

### अखिलेश अपने समय के विकास की सूची हमें दें

पत्रकार वार्ता के दौरान उनसे जब पूछा गया की अखिलेश कहते हैं कि 12 साल में भाजपा ने कुछ नहीं किया, केवल पीडीए के आरक्षण को लुटा है तो उन्होंने कहा की अखिलेश अपने शासनकाल के विकास कार्यों की सूची ले आएं हम अपने समय की लेकर आते हैं, तब पता चलेगा कि किसने क्या किया। प्रभारी मँत्री ने कहा कि 12 साल के जो काम है उसकी पूरी की पूरी किताब है। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने जो अपने कार्यकाल में काम किया था उसका कुछभी नहीं है। सपा पीडीए की बात करती है, क्योंकि सपा एक ब्रांड था। वो ब्रांड जब फेल हो गया तो अब पीडीए के नाम पर नया ब्रांड लेकर आए हैं। लेकिन कोई भी ऐसा गठबंधन चल नहीं पाएगा।

### मेरठ में अब अपराध, दंगा नहीं विकास है

असीम अरुण ने कहा कि सुरक्षित वातावरण ही विकास की आधारशिला है। उत्तर प्रदेश और मेरठ का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जहां कभी अपराध, दंगे और असुरक्षा की चर्चा होती थी, वहीं आज उद्योग, निवेश और रोजगार की संभावनाओं पर बात हो रही है उन्होंने कहा कि मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और विकास की योजनाओं के कारण देश आत्मविश्वास के साथ विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# डिवाइडर से टकराकर बस पलटी

**12 से अधिक लोग घायल, अस्पताल में भर्ती**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर , नोएडा में सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। फेज-1 थाना क्षेत्र में महामाया फ्लाईओवर के पास तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई।



हादसे में 12 यात्री घायल हो गए जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। फिलहाल सभी की स्थिति पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं पुलिस के अनुसार, बस फरुर्खाबाद से दिल्ली जा रही थी। हादसा दिल्ली की ओर जाने वाली लेन पर महामाया फ्लाईओवर के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस सड़क पर पलट गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटवाया और यातायात को सुचारु कराया।

# रिटायर्ड रोडवेज कर्मचारी की 15वीं मंजिल से गिरकर मौत

**लिफ्ट में घुसते दिखे, नोएडा पुलिस सुसाइड-दुर्घटना मानकर कर रही जांच**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर-168 स्थित सनवर्ल्ड अरिस्टा सोसाइटी में सुबह एक सेवानिवृत्त रोडवेज कर्मचारी की 15वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। आस-पास के लोगों से पूछताछ कर रही है। मृतक की पहचान 65 साल के जितेंद्र प्रताप सिंह के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी के साथ सोसाइटी की पांचवीं मंजिल पर रहते थे। सुबह करीब पांच बजे वह फ्लैट से निकले और लिफ्ट से 15वीं मंजिल पर पहुंचे। कुछ देर बाद उनके नीचे गिरने की तेज आवाज सुनाई दी।

### धमाके जैसी आवाज सुनकर बाहर निकले लोग

आवाज सुनकर सोसाइटी के लोग मौके पर पहुंचे तो जितेंद्र प्रताप सिंह लहूलुहान हालत में पड़े मिले। उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के समय उनकी बेटी और दामाद भी फ्लैट में मौजूद थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### लंबे समय से बीमार थे, तनाव में रहने की बात

पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया कि जितेंद्र प्रताप सिंह काफी समय से बीमार चल रहे थे। बीमारी के चलते वह मानसिक तनाव में रहते थे और उनका इलाज भी चल रहा था। पुलिस का मानना है कि इसी तनाव के कारण उन्होंने यह कदम उठायाहालांकि सोसाइटी के कुछ लोगों ने इसे दुर्घटना होने की आशंका भी जताई है। ऐसे में पुलिस आत्महत्या और हादसा, दोनों एंगल से जांच कर रही है।

# निवेश का झांसा देकर 18 लाख ठगे

**सोशल मीडिया के जरिए शुरू हुई बातचीत, मुनाफा दिखाकर जमा करवाती रही पैसे**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , एक कारोबारी को निवेश का झांसा देकर 18 लाख रुपए ठग लिए। ठगी का अहसास होने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की। पुलिस उन खातों की जांच कर रही है, जिसमें ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अजनारा ले गार्डन सोसायटी निवासी अक्षय गुप्ता ने बताया कि कुछ समय पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए उनकी एक महिला से बातचीत शुरू हुई थी। बातचीत का सिलसिला बढ़ा तो महिला ने खुद को निवेश की अच्छी समझ रखने वाली बताते हुए उन्हें सोने की ट्रेडिंग में निवेश करने की सलाह दी। महिला ने उन्हें एक वेबसाइट का लिंक भेजा और दावा किया कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का भरोसेमंद निवेश मंच है ।अलग-अलग बैंक खातों में जमा कराए पैसेशुरूआत में उसने निवेश की प्रक्रिया समझाई और धीरे-धीरे अक्षय का विश्वास जीत लिया। भरोसा बढ़ने के बाद महिला ने अलग-अलग बैंक खातों में पैसे जमा कराने शुरू कर दिए। शिकायत के मुताबिक अक्षय गुप्ता ने उसकी बातों में आकर एनईएफटी, आरटीजीएस और आईएमपीएस के जरिए पांच अलग-अलग ट्रांजैक्शन में कुल 18 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेन देन 4 से 9 जनवरी 2026 के बीच हुए।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल खुलते ही बच्चों का तिलक-माला से हुआ भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज (हरदोई)।ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय सदरियापुर में विद्यालय खुलने पर छात्र-छात्राओं का उत्साहपूर्ण और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय पहुंचे बच्चों को तिलक लगाकर एवं फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे और विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बन गया।इस अवसर पर बच्चों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान की गई अपनी रचनात्मक एवं शैक्षिक गतिविधियों को शिक्षकों के साथ साझा किया।शिक्षकों ने विद्यार्थियों द्वारा किए गए गृहकार्य की जांच कर उनकी सराहना की और आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। विद्यालय में जिन छात्र-छात्राओं को अभी तक पहचान पत्र (आई-कार्ड) प्राप्त नहीं हुए थे, उन्हें आई-कार्ड वितरित किए गए। साथ ही बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया।इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक नीरज गुप्ता, सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक गौरव कुमार सिंह सहित विद्यालय परिवार एवं रसोइया उपस्थित रहीं।हनुमान भक्तों ने श्रद्धा के साथ किया पूजन-अर्चन, जगह-जगह बांटा गया प्रसाद माधौगंज (हरदोई)। मंगलवार को क्षेत्र में हनुमान भक्तों ने श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भगवान हनुमान का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह प्रसाद वितरण किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया और पूरे दिन क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।कस्बे स्थित भाजपा कार्यालय में विधायक आशीष कुमार सिंह की माता विमला देवी ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा के साथ हनुमान प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर श्रद्धालुओं के बीच बूंदी एवं छोला-चावल का प्रसाद वितरित किया।इसके अलावा कस्बे के चौराहे से रुदामऊ तिराहे तक आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।नगर के प्रमुख मार्गों, सदर बाजार तथा सर्वेश्वरानंद आश्रम में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटा गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के शाहपुर वासुदेव, गौरा, पड़रा लखनपुर, दौलतयारपुर, बरबटापुर, सहिजना और कुरसठ सहित अन्य गांवों में भी भक्तों ने पूजा-अर्चना के उपरांत प्रसाद वितरण कर धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द का परिचय दिया। दिनभर क्षेत्र में जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे तथा पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा।

# आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित



अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद के थाना निचलौल में आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी निचलौल की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई बैठक में क्षेत्र के विभिन्न समुदायों एवं सभी धर्मों के गणमान्य एवं संभ्रांत व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। उपस्थित लोगों के साथ आगामी मोहर्रम पर्व के दौरान शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों को शासन द्वारा निर्गत आदेशों एवं दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या सूचना होने पर तत्काल पुलिस प्रशासन को अवगत कराने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने तथा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का आश्वासन दिया

# दुष्कर्म के दोषी ओझा समेत दो को आजीवन कारावास की सजा

- –प्रत्येक पर एक लाख 500 रुपए अर्थदंड, न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कठोर कैद भुगतनी होगी।
- –जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी।
- –अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी।
- –करीब 9 वर्ष पूर्व महिला को एकांत में ओझाई के लिए ले जाकर जबरन दुष्कर्म किए जाने का मामला।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।करीब 9 वर्ष पूर्व ओझाई करने के लिए महिला को एकांत में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू , सोनभद्र बिपिन कुमार तृतीय की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी ओझा जगदेव शर्मा उर्फ जयदेव शर्मा व सहयोगी लालू शर्मा उर्फ जनार्दन शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक के ऊपर एक लाख 500 रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कठोर कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक वाराणसी जिला अंतर्गत चौबेपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने 27 अप्रैल 2017 को रॉबर्ट्सगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह शादीशुदा है और दो बच्चों की मां है। उसके पति नाई की दुकान चलाते हैं।तीन- चार दिन पहले वह अपने मायके चंदौली जिले में आई है। कुछ दिनों से वह बीमार चल रही है। 26 अप्रैल 2017 को उसका भाई ओझा जगदेव शर्मा उर्फ जयदेव शर्मा पुत्र प्यारेलाल निवासी झपरी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र के यहां लालू शर्मा उर्फ जनार्दन शर्मा पुत्र अमरनाथ शर्मा निवासी दाऊदपुर, थाना चकिया, जिला चंदौली के साथ ले गए थे। ओझा जगदेव शर्मा उसे देखा तो धार दिलाने के लिए उसे अकेले में रात करीब 11 बजे सुनसान जगह पर लेकर गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। किसी से बताने पर जान मारने की धमकी भी दिया। इस तहरीर पर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने जगदेव शर्मा व सहयोगी लालू शर्मा के विरुद्ध कोर्ट में दुष्कर्म, जान मारने की धमकी व आपराधिक षडयंत्र में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी जगदेव शर्मा व लालू शर्मा को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक पर एक लाख 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कठोर कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी।

खास समाचार

## हरदोई पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, साण्डी थाने की कमान सागर बहादुर सिंह को

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई निरीक्षकों एवं उपनिरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक सागर बहादुर सिंह को कार्यवाहक थाना प्रभारी साण्डी बनाया गया है। वहीं, साण्डी के प्रभारी निरीक्षक बसंत राम कुशवाहा को प्रशासनिक आधार पर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। साण्डी थाने में तैनात उपनिरीक्षक नीरज कुमार को भी पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है।इसके अलावा पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक विनय कुमार को चौकी प्रभारी काजीबिल थाना सण्डीला, अमरेश कुमार को थाना शाहाबाद, प्रदीप कुमार सिंह को थाना टड़ियावां, प्रेमचंद को थाना साण्डी, सुरेन्द्र कुमार यादव को थाना कछौना तथा त्रिपुगी नारायण को थाना हरियावां में नई तैनाती दी गई है।पुलिस महकमे में हुए इस फेरबदल को कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## निषाद परिवार के बच्चों ने गंगा में डूब रहे बच्चों को बचाया, जिला मंत्री रोहित त्रिपाठी की आवास पर किया गया सम्मान

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर - भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री रोहित त्रिपाठी के आवास पर भाजपा के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के द्वारा बहादुर निषाद परिवार के बच्चो का सम्मान किया गया।बहादुर निषाद परिवार के बच्चो द्वारा विंध्याचल घाट पर स्नान कर रहे लड़के को डूबने से अजय निषाद पुत्र कल्लू निषाद, छोटू निषाद पुत्र श्यामलाल निषाद, चानिका (कल्लू )निषाद, विक्की, लवकुश, अजय विनोद, अर्जुन ने बचाया अखाड़ा घाट पर स्नान कर रहे लड़के को राहुल निषाद ने अपना जान जोखिम में डालकर गंगा नदी से निकाला जिससे जान बच सकी। अध्यक्ष ने कहा की डूब रहे लोगों का जान अपना जान जोखिम में डालकर बचाया गया बहादुरो का सम्मान होना जरूरी था क्योंकि उनके बहादुरी की वजह से परिवार का दीया बुझने से बच गया जिला अध्यक्ष ने कहा की मैं निषाद परिवार के बच्चो को बहुत धन्यवाद देता हूं। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।निषाद परिवार के बच्चो के सम्मान के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी सरोज कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष हेमंत त्रिपाठी गौरव उमर उदय भान तिवारी जिला महामंत्री रवि शंकर पांडेय स्वामी नाथ सिन्हा जिला मंत्री रोहित त्रिपाठी अभय सिंह शिवा पांडेय सोना रामेश्वर त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## नंदगंज को तहसील व नगर पंचायत बनाने की मांग तेज

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के देवकली ब्लाक के नंदगंज बाजार को तहसील एवं नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर चल रहे जनआंदोलन के तहत शनिवार को पांचवें दिन भी हस्ताक्षर अभियान जारी रहा। इस दौरान ह्यनंदगंज तहसील बनाओ, नगर पंचायत बनाओ संघर्ष मोर्चाह्व के बैनर तले कार्यकताओं ने घर-घर पहुंचकर लोगों से संपर्क किया और आंदोलन के समर्थन में हस्ताक्षर कराए। मोर्चा के कार्यकताओं ने क्षेत्रवासियों को नंदगंज को तहसील और नगर पंचायत बनाए जाने की आवश्यकता से अवगत कराया तथा जनसमर्थन जुटाया। बताया कि अब तक करीब 500 लोगों ने हस्ताक्षर कर आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। लोगों में मांग को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में नागरिक इस अभियान से जुड़ रहे हैं।

# सातवें बड़े मंगल पर गुप्ता मार्केट में भव्य भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह



कासिमपुर। ज्येष्ठ माह के सातवें बड़े मंगल के पावन अवसर पर कासिमपुर क्षेत्र के बड़ागांव स्थित गुप्ता मार्केट में समाजसेवी प्रभात गुप्ता के नेतृत्व में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भगवान हनुमान जी के दर्शन किए तथा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा भाव से आवभगत की गई। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा और ह्लजय श्री बाला जी महाराजह्व के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही भंडारे में पहुंचते रहे और प्रसाद ग्रहण करते रहे। इस अवसर पर प्रभात गुप्ता ने क्षेत्रवासियों को बड़े मंगल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान हनुमान जी की कृपा सभी पर बनी रहे तथा सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, सेवा और सद्भावना की भावना को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम की क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और ग्रामीणों ने सराहना करते हुए इसे सामाजिक एवं धार्मिक सौहार्द का प्रतीक बताया।इस अवसर पर विनय गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य राजा गुप्ता, संजय, अजय गुप्ता, आकाश कुमार, रोहित सिंह राणा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 10 किलो 264 ग्राम अवैध गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक सीज

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर। जिगना अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिगना पुलिस ने 10 किलो 264 ग्राम गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर सीज कर दी है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 14 जून को थाना जिगना पुलिस को यह सफलता मिली। पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में जिगना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के भिलगौर तिराहा के पास वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को पकड़ लिया।तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बोरे में रखा 10 किलो 264 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कुलदीप सिंह (35 वर्ष) पुत्र श्रीजीत सिंह निवासी ग्राम गौरा, थाना जिगना, जनपद मीरजापुर के रूप में हुई।पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना जिगना में मुकदमा संख्या 142/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। वहीं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल संख्या यूपी 63 एएम 6951 को 207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रामआशीष सिंह एवं थाना जिगना प्रभारी संजय सिंह पुलिस टीम की प्रमुख भूमिका रही।

# नगर पंचायत चोपन की बोर्ड बैठक सम्पन्न, विकास कार्यों एवं जनहित के प्रस्तावों पर हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार



चोपन /सोनभद्र नगर पंचायत चोपन की बोर्ड बैठक सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली की अध्यक्षता में नगर पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में नगर के विकास, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सड़क एवं नाली निर्माण सहित विभिन्न जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक प्रस्तावों पर निर्णय लिए गए। बैठक की शुरूआत में नगर पंचायत के लिपिक अंकित पांडेय द्वारा निर्धारित एजेंडों को पढ़कर सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सभी बिंदुओं पर उपस्थित सभासदों एवं अधिकारियों द्वारा क्रमवार चर्चा की गई।बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की प्रगति, आगामी योजनाओं तथा नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के संबंध में सुझाव भी प्राप्त किए गए।बैठक को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नगर के समग्र विकास एवं नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है तथा पेयजल, सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभासदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सदन के समक्ष रखें ताकि उनका शीघ्र निराकरण कराया जा सके। बैठक में उपस्थित अधिशाषी अधिकारी अखिलेश सिंह ने कहा कि बोर्ड द्वारा पारित प्रस्तावों को शासन की मंशा एवं नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।बैठक के दौरान नगर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी बरसात को देखते हुए जल निकासी व्यवस्था, साफ-सफाई अभियान तथा सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष चर्चा हुई। सभासदों ने अपने-अपने वार्डों से संबंधित समस्याओं एवं विकास कार्यों के प्रस्तावों को सदन के समक्ष रखा, जिन पर सकारात्मक चर्चा करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस दौरान सभासद मनोरमा देवी, अनिकेत रावत, दिव्यविकास सिंह,शांति देवी, डिम्पल जायसवाल, नीरज जायसवाल, रामपरीखा विश्वकर्मा, नागेंद्र यादव, सुशील साहनी, सलीम कुरैशी, नरेश यादव, मनोनीत सभासद राजन जायसवाल, घनश्याम चौधरी, राजेश अग्रहरी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम,

## सांसद रवि किशन ने गिनाईं उपलब्धियां

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज के सफल 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज गोरखपुर जनपद के भरोहिया ब्लॉक में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गोरखपुर के सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन शुक्ल ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह के साथ सहभागिता करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी उपलब्धियों और विकास कार्यों को जनता के समक्ष रखा। इस अवसर पर सांसद रवि किशन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचे, निवेश, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। सांसद रवि किशन ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों ने गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों ने करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं प्रदेश सरकार की योजनाओं ने उत्तर प्रदेश को विकास और सुशासन का मॉडल राज्य बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर सहित पूर्वांचल का समग्र विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। आज क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रवि किशन ने कहा कि यह आयोजन केवल उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि जनसेवा, विकास और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे संकल्प को और अधिक मजबूत करने का अवसर है।उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री संजय सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उनकी नीतियों के कारण गांवों तक विकास की नई धारा पहुंची है। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# मुहर्रम पर्व को लेकर थाना ककरवई में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार



ककरवई। आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को थाना ककरवई परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, धर्मगुरु एवं विभिन्न समुदायों के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने मुहर्रम पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, जुलूसों एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।उन्होंने उपस्थित लोगों से त्योहार को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।साथ ही कहा कि सभी लोग शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने से बचें। उन्होंने कहा कि त्योहारों का उद्देश्य सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव को मजबूत करना है। ऐसे में सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी अराजक तत्व माहौल खराब करने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में एसआई विजय शंकर मिश्र सहित टीकाराम पटेल ब्लॉक प्रमुख गुरसरांय, राजेंद्र कुमार तिवारी प्रधान ककरवई, रविन्द्र सिंह परिहार प्रधान डुमरई, राजेंद्र अहिरवार प्रधान दुरखुरु, सरजू पाठक प्रधान धमनोड, लोकेंद्र सिंह परिहार, उमाशंकर सोनी, इस्लाम अली खां, सुलेमान खां, सगीर खां, महबूब खां सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# थाना चौक पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद में पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चौक पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 91/2026, धारा 69 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त ह्रदेश साहनी पुत्र बृजराज निवासी ग्राम धरमौली, थाना चौक, जनपद महराजगंज, उम्र लगभग 20 वर्ष को उसके निवास स्थान ग्राम धरमौली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

अमन लेखनी

(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## एआई-171 हादसे की दर्दनाक कहानी पर्दे पर उतारेंगे मिलन

मुंबई। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के क्रैश में अपनी बड़ी बहन को खोने वाले निर्माता ने इस हादसे पर आधारित एक फीचर फिल्म बनाने की योजना पर बात की। उन्होंने इसे अपना निजी मिशन बताया है। उनका कहना है कि यह उनके कॅरियर का आखिरी प्रोजेक्ट हो सकता है। मूल रूप से हरियाणा के कुरुक्षेत्र के रहने वाले और वड़ोदरा में काम करने वाले फिल्ममेकर मिलन शर्मा बताया कि पिछले साल 12 जून को हुए इस क्रैश के कुछ ही दिनों बाद उन्होंने यह फिल्म बनाने का फैसला किया था। उन्होंने भारत के सबसे भयानक एविएशन हादसों में से एक में अपने रिश्तेदारों को खोने वाले परिवारों का दुख देखा था। इस हादसे में मिलन ने अपनी 56 साल की बहन अंजू शर्मा को खो दिया।

### लाइफ Style



## मृणाल

## शिकागो की सड़कों पर सैर करती आईं नजर

'है जवानी तो इश्क होना है' की चर्चा के बीच मृणाल ठाकुर अमेरिका के शिकागो गई हैं। यहां से उन्होंने अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी नई फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' को लेकर चर्चा में हैं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ठीक ठाक कमाई कर रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बीच मृणाल ठाकुर शिकागो की सैर पर गई हैं। यहां से उन्होंने अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं। मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने शिकागो की सड़कों पर पोज दिए हैं। उन्होंने अलग-अलग आउटफिट भी पहने हैं। यही नहीं उन्होंने यहां से वर्कआउट करते हुए भी तस्वीर शेयर की है। तस्वीरें शेयर करते हुए मृणाल ठाकुर ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'बैग पैक कर रही हूं और इस शहर को गुड बाय कह रही हूं। ये वाकई जानलेवा है।' इसके साथ उन्होंने रोने वाला और दिल टूटने वाला इमोजी भी लगाया है। फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' 5 जून को रिलीज हुई है। इसके निर्देशक डेविड धवन हैं। इसे टिप्स फिल्म्स और मैक्सिमिलियन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इसमें मृणाल ठाकुर के अलावा वरुण धवन और पूजा हेगड़े अहम किरदारों में हैं। मुख्य कलाकारों के अलावा इसमें सहायक कलाकारों में मौनी रॉय, चंकी पांडे, राकेश बेदी, कुब्रा सैत और अन्य शामिल हैं। फिल्म की कहानी जस (वरुण धवन) के इर्द-गिर्द घूमती है। वह अपनी पत्नी बानी (मृणाल ठाकुर) से इसलिए तलाक लेने की कोशिश करता है क्योंकि वह बच्चा चाहता है।

### हॉलीवुड मसाला



## रिलीज से पहले भारत में मारेगा एंट्री

नई दिल्ली। अभिनेता टॉम हॉलैंड की अपकमिंग फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' को लेकर भी भारत में काफी क्रेज नजर आ रहा है। इस बीच 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के मेकर्स की तरफ से सुपर हीरो मूवी की इंडिया रिलीज को लेकर बड़ा दांव खेला है। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया ने ये कन्फर्म किया है कि टॉम हॉलैंड स्टारर 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' भारत में 30 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। जो फिल्म की ऑफिशियल रिलीज डेट 31 जुलाई से एक दिन पहले है।



## दो बच्चे होने के बाद सिंगर पेरी ने की एलेक्स से शादी

लॉस एंजिल्स। सिंगर पेरी एडवर्ड्स और उनके फुटबॉलर बॉयफ्रेंड एलेक्स ऑक्सलेड-चेम्बरलेन ने लगभग एक दशक तक साथ रहने के बाद पुर्तगाल में शादी कर ली। यह शादी शनिवार को फारो में हुई। इसमें परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए। यह खबर इस जोड़े के दूसरे बच्चे के जन्म के कुछ ही महीनों बाद आई। उनकी बेटी एलैनिस वेलेंटाइन का जन्म जनवरी 2026 में हुआ था। इस जोड़े का एक बेटा एक्सल भी है, जिसका जन्म अगस्त 2021 में हुआ था। एडवर्ड्स ने फूलों की डिजाइन वाला लंबी आस्तीन का सफेद वेडिंग गाउन पहना था। ऑक्सलेड-चेम्बरलेन ने क्लासिक काला टक्सीडो पहना था। इस जोड़े ने जानबूझकर अपनी शादी की योजना को इस साल की शुरुआत में अपनी बेटी के जन्म के बाद तक के लिए टाल दिया था। समारोह के बाद, एडवर्ड्स को ऑक्सलेड-चैंबरलेन के साथ हाथ में हाथ डाले चर्च से निकलते हुए देखा गया।



## साइबर क्राइम केस में उलझे अरशद

मुंबई। राजकुमार हिरानी बड़े पर्दे से निकलकर ओटीटी पर आ चुके हैं। बतौर क्रिएटर उनकी सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अरशद वारसी, वीर हिरानी और विक्रांत मैसी के अनोखे किरदार सीरीज में नजर आएंगे। यह सीरीज 3 जुलाई को जीयो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। अरशद वारसी अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाते हैं, जल्द ही सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' में उनका ऐसा ही अंदाज नजर आएगा। लेकिन, इस बार कॉमेडी के साथ साइबर क्राइम की कहानी भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। इस सीरीज के क्रिएटर निर्देशक राजकुमार हिरानी हैं। सीरीज में कई नामी बॉलीवुड एक्टर्स भी नजर आएंगे। ट्रेलर में दिखाया गया है कि अरशद वारसी गोवा में रहते हैं। वह क्राइम ब्रांच में पुलिस ऑफिसर हैं। लेकिन, अचानक उनका ट्रांसफर साइबर क्राइम डिपार्टमेंट में हो जाता है।



## धमाल-4 का गाना फुलौरी बिना... रिलीज

मुंबई। अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, अंजलि आनंद, अजय देवगन और रवि किशन से सजी फिल्म 'धमाल 4' का पहला गाना 'फुलौरी बिना चटनी कैसे बनी' रिलीज हो गया है। इसे नीलकमल सिंह ने गाया है। इस गाने में शानदार बीट्स और थिरकने पर मजबूर कर देने वाले रिदम हैं, जो इसे फिल्म की हंसी-मजाक और मस्ती भरी दुनिया के लिए एकदम सही बनाते हैं। यह गाना कलाकारों की मजेदार केमिस्ट्री और 'धमाल' फ्रैंचाइजी की खास पहचान बन चुकी मस्ती-मजाक को बखूबी दिखाता है। अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, अंजलि आनंद, अजय देवगन और रवि किशन जैसे कलाकारों वाले इस गाने में ढेर सारे मजेदार पल हैं, और रवि किशन इस जबरदस्त गाने में अपने खास भोजपुरी अंदाज का तड़का लगाते हैं।

### टीवी मसाला



## लॉक अप 2 में शिवांगी, शिल्पा, आसिम कुशा सहित 12 नामों पर ठप्पा!

नई दिल्ली। एकता कपूर के डिजिटल रियलिटी शो 'लॉक अप' का प्रीमियर सबसे पहले 2022 में ऑल्ट बालाजी पर हुआ था, जिसमें 16 विवादित कंटेस्टेंट्स को जेल जैसे सेट पर 72 दिनों के लिए बंद किया गया था। पहले सीजन को कंगना रनौत ने होस्ट किया था और कॉमेडियन से एक्टर बने मुनव्वर फारूकी इसके विनर बने थे। चार साल बाद, इस शो का दूसरा सीजन 27 जून को नेटफ्लिक्स पर शुरू होने के लिए तैयार है। नए सीजन को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट करेंगे। इस सीजन के संभावित कंटेस्टेंट्स को लेकर बढ़ती चर्चाओं के बीच कुछ नामों की पुष्टि हो चुकी है। इस साल 'लॉक अप' सीजन 2 में 14 सेलिब्रिटीज शामिल होंगे। शो के प्रोमो के मुताबिक, कंटेस्टेंट्स सर्वाइवल के लिए मुकाबला करेंगे और अपने सबसे गहरे राज भी खोलेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शो के लिए गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा, पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस शिवांगी जोशी और एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे का नाम कन्फर्म हो गया है। 'लॉक अप' सीजन 2 में जिन दूसरे कंटेस्टेंट्स के शामिल होने की खबर पक्की है, उनमें 'स्प्लिट्सविला' के कंटेस्टेंट्स योगेश रावत और आकांक्षा चौधरी, और बिग बॉस के पुराने कंटेस्टेंट्स प्रियंका शर्मा, विकास गुप्ता, रश्मि देसाई, पुनीत सुपरस्टार, अर्चना गौतम, उर्वशी ढोलकिया, प्रणीत मोरे, आसिम रियाज, कुशा कपिला और हर्षद चोपड़ा शामिल हैं। 'लॉक अप' सीजन 2 के प्रोमो में, होस्ट फराह खान ने इशारा किया कि कंटेस्टेंट्स में एक ऐसा सेलिब्रिटी शामिल होगा जिसने हाल ही में अपना वजन काफी कम किया है। इसके बाद, ऐसी खबरें आईं कि एक्टर राम कपूर इस रियलिटी शो में शामिल हो सकते हैं।

### कनिका ने एकता को कहा 'मदर ऑफ ड्रैगन'

नई दिल्ली। लगभग छह महीने तक दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद 'नागिन 7' खत्म हो गया है। शो के खत्म होने पर, स्टार कास्ट ने सोशल मीडिया पर इमोशनल पोस्ट शेयर किए।



राधिका का किरदार निभाने वाली कनिका मान ने शो के खत्म होने पर रोते हुए अपना एक इमोशनल वीडियो शेयर किया। पोस्ट में लिखा था, 'राधिका अब विदा ले रही है। लेकिन ड्रैगन कभी सच में नहीं मरते। चैनल, मेरी सबसे पसंदीदा एकता कपूर, पूरी टीम और उन सभी लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। एकता कपूर ने पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए कहा, 'मुझे यकीन नहीं हो रहा कि ड्रैगन रो रहा है। आग उगलने वाला ड्रैगन तो कमाल का है ही, लेकिन इमोशनल ड्रैगन ने तो हमें हैरान कर दिया। आपकी परफॉर्मेंस एक खोज की तरह रही है।' इसके बाद कनिका मान ने एकता के कमेंट का जवाब देते हुए कहा, 'माफ कीजिएगा, 'मदर ऑफ ड्रैगन्स'।

## पेद्दी के शानदार प्रदर्शन की वजह से टली लेनिन की रिलीज...



मुंबई। अखिल अक्किनेनी की आने वाली फिल्म लेनिन पहले 26 जून को सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ा दिया गया है। मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। इस बार फिल्म टालने की सबसे बड़ी वजह राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' का शानदार प्रदर्शन बताया जा रहा है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है और दुनियाभर में लगभग 400 करोड़ रुपए के करीब पहुंच रही है। मेकर्स का कहना है कि 'पेद्दी' अभी सिनेमाघरों में अच्छा चल रही है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा स्क्रीन उसी को मिल रही हैं। ऐसे में 'लेनिन' को थोड़ा आगे बढ़ाना सही फैसला लगा। अखिल अक्किनेनी की मच अवेटेड फिल्म लेनिन का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। लेकिन मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट को फिर से आगे बढ़ा दिया है। अब फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके साथ मेकर्स ने वजह का भी खुलासा किया है। फिल्म के प्रोड्यूसर नागार्जुन ने एक्स पर नई रिलीज डेट का ऐलान करते हुए लिखा कि टीम ने उनसे थोड़ा और समय मांगा था ताकि फिल्म को और बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने लिखा, 'लेनिन की टीम मेरे पास आई और कहा कि उन्हें फिल्म को 100% देने के लिए थोड़ा और वक्त चाहिए। उनके जुनून को देखकर मैंने हां कर दी। हमारा लड़का 10 जुलाई को आ रहा है। इस बार आपको एक नया अखिल देखने को मिलेगा। इस फिल्म को डायरेक्टर मुरली किशोर अब्बुरु ने बनाया है, जिसमें भाग्यश्री बोरसे फीमेल लीड में हैं। फिल्म को नागार्जुन और सूर्यदेवरा नागा वंशी ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। अब तक रिलीज हुए पोस्टर्स और गानों ने दर्शकों के बीच अच्छी उत्सुकता पैदा कर दी है। मेकर्स का मानना है कि रिलीज डेट आगे बढ़ाने से फिल्म को और बेहतर तरीके से पेश किया जा सकेगा। अब 10 जुलाई को 'लेनिन' की रिलीज का इंतजार और भी बढ़ गया है, और फैंस को उम्मीद है कि उन्हें एक नया और अलग अंदाज में अखिल देखने को मिलेगा।

## महेश की फिल्म नाम-टू लिव इज वॉर का ऐलान, अहम भूमिका में नजर आएंगे वीर

मुंबई। फिल्म 'नाम-टू लिव इज वॉर' का एलान कर दिया गया है। इसमें वीर पहाड़िया अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को दिग्गज निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट पेश कर रहे हैं। वहीं, निर्देशन की कमान सिद्धांत सचदेव के कंधों पर है। फिल्म में वरुण शर्मा भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। अभिनेता वरुण शर्मा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें महेश भट्ट, सिद्धांत सचदेव और वीर पहाड़िया नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'जब शहर बीमार हो जाए, तो दवा और जहर में फर्क करना मुश्किल हो जाता है'। आगे लिखा है, 'नाम - टू लिव इज वॉर' यह फिल्म निश्चित रूप से एक रोमांचक होने वाली है। महेश भट्ट सर के मार्गदर्शन में बनी इस फिल्म का निर्देशन सिद्धांत सचदेव ने किया है। वहीं इसे रिद्धि चावड़ा और उत्सव उपाध्याय ने प्रोड्यूस किया है। एक पोस्ट वीर पहाड़िया ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया है। वीर ने लिखा




है, 'कहते हैं सबसे छोटा जीव भी सबसे बड़ी शक्ति का प्रमाण होता है। जब बप्पा का आशीर्वाद साथ हो, तो हर 'नाम' एक तूफान होता है। गणपति बाप्पा मोरया'। 'नाम' एक डार्क एक्शन थ्रिलर फिल्म बताई जा रही है। इसमें वीर दमदार और रफ-टफ अवतार में नजर आने वाले हैं। निर्देशक सिद्धांत सचदेव ने लिखा है, 'कुछ नाम विरासत में मिलते हैं। कुछ नाम जंग लड़कर कमाने पड़ते हैं। महेश भट्ट सर के मार्गदर्शन और देखरेख में इस सफर को शुरू करने का सौभाग्य मिला है। वीर पहाड़िया और वरुण शर्मा के साथ मिलकर इस दमदार कहानी को पर्दे पर उतारने के लिए उत्साहित हूं।

### दृश्यम 3 से ठुकरा के मेरा प्यार 2 तक, जमकर होगा मनोरंजन

## इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। बीते सप्ताह ओटीटी पर कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। सिनेमाघरों में भी बहार रही। इस वीक भी थिएटर्स में 'कॉकटेल 2' सहित कई फिल्में दस्तक देंगी। मगर, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी खूब माहौल जमने वाला है। इस वीक ओटीटी के पिटारे में कई रोचक फिल्में और सीरीज हैं।*



**दृश्यम 3 :** मोहनलाल की फिल्म 'दृश्यम 3' इस वीक ओटीटी पर रिलीज होगी। यह फिल्म 21 मई 2026 को सिनेमाघरों में आई थी। थिएटर्स में दर्शकों ने इसे हाथोंहाथ लिया। अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी यह उपस्थिति दर्ज कराने वाली है। फिल्म 'दृश्यम 3' को 18 जून से प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

**आई विल फाइंड यू :** यह रोमांचक क्राइम थ्रिलर मिनी सीरीज है। इस वीक दर्शक इसका लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर सीन हैं। 'आई विल फाइंड यू' को आप 18 जून से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। यह सीरीज हार्लन कोबेन के उपन्यास पर आधारित है। इसमें सैम वर्थिंगटन (डेविड के रूप में) ब्रिट लोअर और मिलो वेंटिमिलिया मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**ठुकरा के मेरा प्यार 2 :** वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' का दूसरा सीजन इस वीक दर्शकों के बीच आएगा। इस सीरीज को आप 19 जून से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। इसमें प्यार के साथ-साथ बदले की कहानी भी देखने को मिलेगी। सीरीज में संचिता बसु (शानविका चौहान) और धवल ठाकुर (कुलदीप कुमार) मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**केनाथा कानोम :** यह भी कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसमें योगी बाबू अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म को आप 16 जून से जियोहॉटस्टार पर देख पाएंगे। इसमें योगी बाबू के साथ-साथ लवलिन चन्द्रशेखर और रायचल रबेका अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी रामनाथपुरम के एक सूखे से जूझते गांव पर आधारित है। इसमें बाबू मंदिर के मूर्तिकार का किरदार निभा रहे हैं। गांव में पानी की कमी है और लोग पानी की तलाश में हर जगह भटक रहे हैं। फिल्म की कहानी में कई दिलचस्प मोड़ हैं।

**कलर बुक :** यह फिल्म भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। इसे आप 19 जून से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। यह फैमिली ड्रामा से भरपूर फिल्म है। इसे परिवार के साथ बैठकर देखा जा सकता है।

**अथिराडी :** अगर आपको एक्शन कॉमेडी फिल्मों में दिलचस्पी है तो यह फिल्म आपके लिए है। इस वीक यह मलयालम फिल्म भी ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। यह तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में उपलब्ध रहेगी। इसे 19 जून से सोनी लिव पर देख सकते हैं।